हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 6, अंकः 73, पृष्ठ 4, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 27 अगस्त, 2021 दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी

अमेरिका को डर- कहीं पाक को अस्थिर करके परमाणु हथियार न हासिल कर ले तालिबान

वाशिंगटन। अमेरिकी सांसदों के एक समूह ने राष्ट्रपति जो बाइडन को पत्र लिखकर यह सुनिश्चित करने को कहा कि अब अफगानिस्तान का वास्तविक शासक तालिबान कहीं पाकिस्तान को अस्थिर न कर दे और उसके परमाणु हथियार न हासिल कर ले। उन्होंने कहा कि बाइडन को कठिन सवालों के जवाब देने होंगे। वह बताएं अफगानिस्तान में क्या हुआ और उनकी आगे की योजना क्या है? अमेरिकी सीनेट और प्रतिनिधि सभा के 68 सांसदों ने बुधवार को बाइडन को पत्र लिखकर पूछा कि अगर अफगानिस्तानी सीमाओं पर तालिबान सेना बढ़ा देता है तो क्या क्षेत्रीय सहयोगियों की सेना को समर्थन देने के लिए वह तैयार रहेंगे। साथ ही यह पूछा कि तालिबान परमाणु हथियार संपन्न पाकिस्तान को अस्थिर नहीं करने देने के लिए आपके पास क्या योजना है? क्या आपके पास यह सुनिश्चित करने के लिए कोई योजना है कि तालिबान के शासन में अफगानिस्तान परमाणु संपन्न देश नहीं बनेगा? पिछले हफ्तों के घटनाक्रमों पर सांसदों ने कहा कि पूरी दुनिया ने स्तब्ध होकर देखा कि तालिबान ने कैसे चुटकियों में अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया है। यह उस गलती का नतीजा

है जिसमें अफगानिस्तान को एकदम से सेना विहीन कर दिया गया और मुख्य सैन्य बल के बहुत छोटे से हिस्से को ही अफगानिस्तान में आखिर तक रखा गया। अमेरिकी अफसरों और अफगान सहयोगियों को भी वहां से निकालने में अत्यधिक देरी की गई है। इतना ही नहीं, चीन भी अब तालिबान से संबंध मजबूत करने में जुट गया है। इन सब गतिरोधों का सामना करते हुए अमेरिकी रणनीति क्या है? सांसदों ने पूछा कि बाइडन सरकार अब अमेरिका को आगे बढ़ाने की क्या योजना बना रही है? उनको यह भी स्पष्ट करना है क्या अमेरिकी सेना से नियंत्रण अपने कब्जे में लेने के बाद अफगान वायुसेना की कमान तालिबान के हाथों में रहेगी? अगर ऐसा है तो उस वायुसेना को कैसे नियंत्रित किया जा सकता है जिसकी कमान अब तालिबान के हाथों में होगी। आप उन अमेरिकी सैन्य हथियारों को कैसे वापस हासिल करेंगे जो तालिबान के हाथ पहले ही लग चुके हैं। दूसरी ओर, कैपिटल हिल की प्रेस कांफ्रेंस में रिपब्लिकन सांसद मैककार्थी ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने अमेरिका के परंपरागत दोस्तों और सहयोगियों के खिलाफ तालिबान का पक्ष लिया है। बाइडन प्रशासन की तालिबान नीति धज्जियां उड़ाते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने वैश्विक मंच पर अमेरिका की प्रतिष्ठा की धज्जियां उड़ा दी हैं। ऐसा कोई एक हफ्ते के लिए नहीं हुआ है। बल्कि इससे उबरने में दशकों लगेंगे। अब हमारे सहयोगी हमारी आलोचना कर रहे हैं।

तालिबान की तुर्की से अपील, काबुल एयरपोर्ट के संचालन के लिए दें तकनीकी मदद, सेना की जरूरत नहीं

काबुल। तालिबान ने तुर्की से काबुल एयरपोर्ट के लिए तकनीकी मदद मांगी है। तालिबान ने तुर्की से अपील की है कि वो अमेरिका समेत विदेशी सेनाओं की यहां से वापसी के बाद एयरपोर्ट के संचालन के लिए तकनीकी मदद दे। लेकिन तुर्की के अधिकारियों ने रायटर्स से कहा है कि वो खुद अफगानिस्तान से अपनी सेनाओं की वापसी 31 अगस्त तक कर लेना चाहते हैं। तालिबान ने इस बारे में फैसला लेने का अधिकार पूरी तरह से तुर्की को दिया है। तालिबान की तरफ से कहा गया है कि हमनें ये फैसला तुर्की सरकार पर छोड़ा है कि वो मुश्किल घड़ी में इस काम के लिए अपनी मदद देगा या नहीं। आपको बता दें कि बीते दो दशक से तुर्की की सेना नाटो सेना के तहत अफगानिस्तान में मौजूद थी। लेकिन क्योंकि अब नाटो की सेनाएं धीरे-धीरे वापस जा रही हैं और इसके लिए अमेरिका ने 31 अगस्त तक की समय सीमा तय की हुई है, तो तुर्की भी यहां से निकलने का मन बना चुका है।

सर्वदलीय बैठक खत्म, विदेश मंत्री ने सभी राजनीतिक दलों को अफगानिस्तान के हालात से कराया अवगत

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आज सर्वदलीय बैठक में सभी राजनीतिक दलों के नेता सदन को अफगानिस्तान के हालात से कराया अवगत। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इस सर्वदलीय बैठक के बाद कहा कि हमने आज सभी राजनीतिक दलों के फ्लोर लीडर्स को आज अफगानिस्तान की स्थिति से अवगत कराया। हमारा ध्यान लोगों को वहां से निकालने पर है और सरकार लोगों को निकालने के लिए सब कुछ कर रही है। डाक्टर एस जयशंकर ने आगे कहा कि आपरेशन 'देवी शक्ति' के तहत हमारी 6 उड़ानें हैं। हम अधिकांश भारतीयों को वापस लाए हैं लेकिन उन सभी को नहीं क्योंकि उनमें से कुछ लोग उड़ान के दिन नहीं पहुंच सके। हम निश्चित रूप से कोशिश करेंगे और सभी को बाहर लाएंगे। हमने कुछ अफगान नागरिकों को भी निकाला है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आगे कहा कि सरकार जितनी जल्दी हो सके लोगों को पूरी तरह से वहां निकालने के लिए बहुत दृढ़ता से प्रतिबद्ध है और यह भी देखते हुए कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय निर्णय के संदर्भ में, कोई भी सभा जो वहां होती है, हमारी भूमिका को मान्यता दी जाती है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में और भी कई बैठकें होंगी।

सीएम योगी ने दिए निर्देश, कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन कराएं, रात्रिकालीन कर्फ्यू को प्रभावी बनाएं

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि विभिन्न राज्यों में कोविड के मामले एक बार फिर तेजी से बढ़ रहे हैं। हमें सावधान रहना होगा। अतिरिक्त स्थिति बरतनी होगी। कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जाना बहुत जरूरी है। रात्रि 10 बजे के बाद रात्रिकालीन कर्फ्यू को प्रभावी बनाया जाए। पुलिस टीम हूटर बजाकर समय से पूर्व एक चेतावनी जारी करे, ताकि 10 बजे तक दुकानें बंद हो जाएं। लोग अनावश्यक सड़कों पर न घूमें। वह गुरुवार को टीम 9 के साथ बैठक कर राज्य में कोरोना की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एग्रेसिव ट्रेसिंग, टेस्टिंग और त्वरित ट्रीटमेंट की नीति के साथ-साथ तेज टीकाकरण की नीति से उत्तर प्रदेश में कोरोना संक्रमण नियंत्रित स्थिति में है। प्रदेश में अब तक 07 करोड़ 12 लाख 89 हजार 637 टेस्ट हो चुके हैं। यह देश में किसी एक राज्य द्वारा की गई सर्वाधिक कोविड टेस्टिंग है। 25 अगस्त तक 06 करोड़ 60 लाख 82 हजार से अधिक वैक्सीन डोज लगाई जा चुकी है। 05 करोड़ 55 लाख 94 हजार से अधिक लोगों ने टीके की कम से कम एक डोज जरूर ले ली है। लगातार कोशिशों से उत्तर प्रदेश में कोरोना महामारी की दूसरी लहर की स्थिति नियंत्रण में है। संक्रमण

दर न्यूनतम स्थिति में है। विगत 24 घंटो में हुई 02 लाख 16 हजार 629 सैम्पल की टेस्टिंग में 60 जिलों में एक भी नया मरीज नहीं पाया गया। मात्र 19 नए संक्रमित पाए गए, जबकि 22 लोग स्वस्थ होकर डिस्चार्ज भी हुए। इस अवधि में एक भी मरीज की मृत्यु नहीं हुई। प्रदेश में कुल एक्टिव केस की संख्या 342 है। कोविड रिकवरी दर 98.6 है, जबकि बीते 24 घंटों में पॉजिटिविटी दर 0.01 फीसदी रही। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि अवैध और जहरीली शराब के सेवन से जनपद आगरा में हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। इस प्रकरण में संबंधित स्थानीय अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।प्रदेश में अवैध शराब की निर्माण, क्रय, विक्रय की एक भी घटना घटित न हो, इसके लिए ठोस कार्रवाई करने की जरूरत है। अवैध शराब के ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की जाए। अवैध शराब के खिलाफ प्रदेशव्यापी अभियान तेज किया जाए। दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए। प्रदेश के दो जनपदों की सीमा के भीतर रेलयात्रा के दौरान लूट की घटना की सूचना मिली है। दोनों ही स्थानों पर लूट का ढंग कमोबेस एक जैसा ही है। राजकीय रेलवे पुलिस को सतर्क रहने की आवश्यकता है। आरपीएफ से भी संवाद बनाया जाए। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। केंद्र व राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से अब तक 342 ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील हो चुके हैं। तकनीशियनों का यथोचित प्रशिक्षण शीघ्र पूरा कराया जाए। जिलाधिकारी गण निमार्णाधीन प्लांट के कार्यों का सतत निरीक्षण करते रहें।

योगी सरकार ने कल्याण सिंह को दी अनोखी श्रद्धांजलि पूर्व सीएम के नाम से जाने जाएंगे दो मेडिकल संस्थान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को अनोखी श्रद्धांजलि दी है। यूपी सरकार ने राजकीय मेडिकल कॉलेज,

बुलंदशहर और सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान, चक गंजरिया, लखनऊ का नामकरण पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के नाम पर करने का फैसला किया है। बता दें कि बीते 21 अगस्त को पूर्व मुख्यमंत्री का निधन हो गया था। वो 89 वर्ष के थे और लंबे समय से पीजीआई लखनऊ में भर्ती थे। भाजपा के कद्दावर नेता कल्याण सिंह के अंतिम दिनों से लेकर अंतिम सफर तक में सरकार और संगठन के प्रमुख लोग साये की तरह साथ रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह के नेतृत्व में सरकार व संगठन ने उनकी देखभाल और सम्मान में कोई कसर बाकी नहीं रखी। प्रदेश ही नहीं देश की राजनीति में कल्याण के कद का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अस्पताल में भर्ती होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी न केवल समय-समय पर उनके परिजनों को फोन कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते रहे बल्कि निधन की खबर मिलते ही अगले दिन तमाम कार्यक्रम छोड़कर श्रद्धांजलि देने लखनऊ पहुंच गए। प्रदेश में भाजपा को ऊंचाईयों तक पहुंचाने में कल्याण की भूमिका किसी से छिपी नहीं है। अयोध्या में राम जन्मभूमि आंदोलन को निर्णायक मोड़ तक ले जाने में उनका योगदान जगजाहिर है। राज्यपाल पद से हटने के बाद कल्याण ने फिर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की तो मुख्यमंत्री से लेकर संगठन के शीर्ष नेताओं तक ने एक मार्गदर्शक के रूप में उन्हें सम्मान दिया और अब उनके निधन के बाद बुलंदशहर के राजकीय मेडिकल कॉलेज व लखनऊ के कैंसर संस्थान का नाम उनके नाम पर कर दिया गया।

जीपी सिंह को राहत: सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी पर लगाई रोक, कहा- सरकार बदलने पर पुलिस को घेरना गलत

रायपुर। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को निलंबित आईपीएस अधिकारी जीपी सिंह को बड़ी राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। अधिकारी के खिलाफ छत्तीसगढ़ सरकार ने राजद्रोह और आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित करने के दो आपराधिक मामले दर्ज कराए थे। वहीं सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि सरकार बदलने पर राजद्रोह के मामले दायर करना एक परेशान करने वाली प्रवृत्ति है। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने राज्य पुलिस को इन मामलों में अपने निलंबित वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी गुरजिंदर पाल को गिरफ्तार नहीं करने का निर्देश दिया है। पीठ ने सिंह को जांच में एजेंसियों के साथ सहयोग करने के भी निर्देश दिए। पीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि देश में यह बहुत परेशान करने वाली प्रवृत्ति है और पुलिस विभाग भी इसके लिए जिम्मेदार है। जब कोई राजनीतिक पार्टी सत्ता में होती है तो पुलिस अधिकारी उस (सत्तारूढ़) पार्टी का पक्ष लेते हैं। फिर जब कोई दूसरी नई पार्टी सत्ता में आती है तो सरकार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करती है। इसे रोकने की आवश्यकता है। सुप्रीम

कोर्ट ने राज्य सरकार को चार हफ्तों के भीतर दो अलग-अलग याचिकाओं पर जवाब देने का भी निर्देश दिया और इस दौरान पुलिस अधिकारी को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। निलंबित पुलिस अधिकारी की ओर से वरिष्ठ वकील एफ एस नरीमन और विकास सिंह पेश हुए और राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी तथा राकेश द्विवेदी पेश हुए।

पश्चिम बंगाल : चुनाव के बाद हिंसा मामले में बड़ी कार्रवाई, सीबीआई ने दर्ज किए नौ मामले

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हिंसा मामले में गुरुवार को सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नौ मामले दर्ज किए हैं। समाचार एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी है। सूत्रों के अनुसार सीबीआई की सभी चार इकाइयां कोलकाता से अपने दलों को संबंधित अपराध स्थलों पर भेज रही हैं। सूत्रों ने आगे बताया कि कुछ और मामले दर्ज किए जाने की प्रक्रिया में हैं और उनमें से कुछ मामले राज्य सरकार ने सौंपे हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ ने इस साल की शुरूआत में पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा चुनावों के बाद कथित दुष्कर्म और हत्या के मामलों की जांच सीबीआई को सौंपी है।

बता दें कि इससे पहले 19 अगस्त को कलकत्ता हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बड़ा झटका देते हुए चुनाव के बाद हुई हिंसा की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। हाईकोर्ट ने आदेश देते हुए

कहा था कि सीबीआई अदालत की निगरानी में ही जांच करेगी। हाईकोर्ट ने कहा था कि हत्या और दुष्कर्म के मामलों की जांच सीबीआई करेगी, वहीं अन्य मामलों की जांच एसआईटी करेगी।

मानवाधिकार आयोग की जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में ममता बनर्जी सरकार को दोषी माना था। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि दुष्कर्म व हत्या जैसे मामलों की जांच सीबीआई से कराई जाए और इन मामलों की सुनवाई बंगाल के बाहर हो। वहीं अन्य मामलों की जांच विशेष जांच दल(एसआईटी) से कराई जानी चाहिए। संबंधितों पर मुकदमे के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाई जाए, विशेष लोक अभियोजक तैनात किए जाएं और गवाहों को सुरक्षा मिले। बता दें कि दो मई को विधानसभा परिणामों की घोषणा के बाद, पश्चिम बंगाल के कई शहरों में चुनाव के बाद हिंसा की घटनाएं हुईं। इस घटना के बाद राज्यपाल धनखड़ ने हिंसा प्रभावित कई क्षेत्रों का दौरा किया था।

इंदौरः पिकनिक पर छात्रा को नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म, आरोपियों ने मुंह नहीं खोलने की दी धमकी

इंदौर। मध्यप्रदेश के इंदौर में एक छात्रा के साथ गैंगरेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि उसके साथी छात्रों ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पहले उसे पिलाया और फिर बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़ित छात्रा की महिला मित्र समेत तीन छात्रों को आरोपी बनाया है। घटना के बाद से सभी फरार हैं। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। इस मामले में छात्रा अपने परिवार के साथ इंदौर के लसूड़िया थाने पहुंची और मामले में आरोपी छात्रों और महिला साथी के खिलाफ गैंगरेप की एफआईआर दर्ज करवाई । मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, तीनों छात्र आशीष, निकुल और हितेश ने छात्रा का अश्लील वीडियो और फोटो भी बनाया है। इंदौर एसपी आशुतोष बागरी ने बताया कि 23 अगस्त को निजी कॉलेज की फर्स्ट ईयर की छात्रा अपनी सहेली और तीन अन्य छात्रों के साथ पिकनिक मनाने मांडव गई थी, जिसके बाद रात को वापस आते समय उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिला दिया और फिर तीनों छात्र उसे एक फ्लैट में ले गए, जहां छात्रा के साथ दुष्कर्म किया गया।

केरल और महाराष्ट्र में बढ़ते कोरोना केसों पर सतर्क हुई केंद्र सरकार, बुलाई मीटिंग

नई दिल्ली। कोरोना महामारी का खतरा अभी टला नहीं है। केरल, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक ये कुछ ऐसे राज्य हैं जहां कोरोना के नये मामले सामने आने लगे हैं। महाराष्ट्र और केरल में कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार सतर्क हो गई है। आज शाम करीब 5 बजे केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला और स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण केरल औ? महाराष्ट्र में कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा के लिए एक वर्चुअल मीटिंग करेंगे। जानकारी के मुताबिक इस बैठक में इन दोनों ही राज्यों के मुख्य सचिव और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस मीटिंग में राज्य में कोरोना के प्रभाव को कम करने के उपायों पर चर्चा की जाएगी।

इधर केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री और संसदीय मामलों के मंत्री वी मुरलीधरन ने बृहस्पतिवार को कहा कि केरल सरकार की "लापरवाही राज्य में कोविड-19 के मामलों और संक्रमण दर में वृद्धि की वजह है जबकि राज्य सरकार का ध्यान मोपला विद्रोह की वर्षगांठ मनाने पर है। दक्षिणी राज्य में बुधवार को कोरोना वायरस के 31,445 नए मामले सामने आए। राज्य में कल 215 मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 19,972 पर पहुंच गयी जबकि संक्रमण दर बढ़कर 19.03 प्रतिशत है। केरल में तीन महीने के अंतराल के बाद 30,000 से

अधिक मामले आए हैं। यहां आखिरी बार कोरोना वायरस की दूसरी लहर के दौरान 20 मई को 30,000 के पार मामले दर्ज किए गए थे। नयी दिल्ली में संवाददाताओं से मंत्री ने कहा कि संक्रमण के नए मामलों में वृद्धि, बढ़ती जांच संक्रमण दर (टीपीआर) और मृतकों की संख्या यह दिखाती है कि राज्य महामारी के बहुत बुरे दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार की लापरवाही इसकी वजह है। वाम सरकार का ध्यान मोपला दंगों की वर्षगांठ मनाने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा, यह प्राथमिकता नहीं है। कोविड-19 से निपटना प्राथमिकता होनी चाहिए। कांग्रेस विधायक रमेश चेन्नीथला ने भी ऐसे ही विचार प्रकट किए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राज्य में महामारी को फैलने से रोकने में नाकाम रही है और उन्होंने मुख्यमंत्री पिनरई विजयन से लोगों से माफी मांगने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि केरल में कोविड-19 के मामले बढ़ने के पीछे राज्य सरकार की लापरवाही वजह है। मुरलीधरन ने कहा कि केरल का दौरा करने वाले केंद्रीय दल ने भी हाल में राज्य में कोविड रोकथाम उपायों में कमियों का जिक्र किया। उन्होंने आरोप लगाया कि केरल सरकार की घर पर पृथक वास की नीति संक्रमण को फैलने से रोकने में नाकाम रही है और इसके परिणामस्वरूप अस्पतालों पर बोझ बढ़ गया। उन्होंने कहा कि राज्य को कोविड-19 को और फैलने से रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है।

बरेका संरक्षा विभाग द्वारा मॉकड्रिल का आयोजन

प्रखर पुर्वांचल वाराणसी। बनारस रेल इंजन कारखाना में संरक्षा विभाग के तत्वावधान मे गुरुवार 26 अगस्त को अपराह वर्कशॉप में इंजन टेस्ट शॉप

(वेस्ट एंड) के पास मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। उक्त मॉक ड्रिल में एक लाइव ऑयल फायर हुआ। इंजन टेस्टिंग शॉप के जेई ने तुरंत आरपीएफ कंट्रोल को सूचित किया और कर्मशाला के अन्य कर्मचारियों द्वारा फोम टाइप फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से आग को बुझाना शुरू कर दिया। इस बीच मौके पर दमकल एवं एंबुलेंस भी पहुंच गई और शीघ्र ही आग पर काबू पा लिया गया । उक्त मॉक ड्रिल बरेका के मुख्य संरक्षा अधिकारी नितिन मेहरोत्रा के कुशल दिशा निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर संरक्षा विभाग एवं इंजन टेस्ट शॉप के कर्मचारियों द्वारा मॉक ड्रिल के माध्यम से आपातकाल के प्रति समग्र त्वरित प्रतिक्रिया द्वारा आग लगने पर होने वाली नुकसानों से बचाने के लिए प्रदर्शन किया गया।

चिंतन मनन

पाक की मंशा

अफगानिस्तान में तालिबान के शासन के बाद यह तो साबित हो गया है कि उसमें अकेले इतनी ताकत नहीं थी कि वह देखते-देखते देश पर कब्जा करने की सोचता। तालिबान की इस मंशा को पाकिस्तान ने हवा दी और आगे बढ़ने का हौसला दिया। पाकिस्तान को लगता है कि अफगानिस्तान में तालिबान को काबिज कर वह भारत के खिलाफ अपनी लड़ाई में भारी पड़ सकता है। कुछ लोग इस राय से जुदा होंगे, लेकिन आज अफगानिस्तान के हालात पर पाकिस्तान में जिस तरह से खुशी जताई जा रही है, वह यह बताने के लिए काफी है कि पड़ोसी मुल्क में अब इतनी कुव्वत नहीं रह गई है कि आमने-सामने मुकाबला कर सके। खैर, तालिबान को प्रश्रय देकर पाकिस्तान अपने मंसूबे में सफल हो गया है तो इससे भारत की चिंता नहीं बढ़ी, ऐसा मानना बेमानी होगा। अफगानिस्तान के हालात पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत ने जो चिंताएं रखी हैं, उनका सरोकार सभी देशों से है। ज्यादातर देश किसी न किसी रूप में आतंकवाद और मुल्कों के टकराव से होने वाली अशांति के खतरों से जूझ रहे हैं। भारत ने साफ कहा है कि अफगानिस्तान के हालात न सिर्फ क्षेत्रीय बल्कि वैश्विक शांति के लिए भी गंभीर चुनौती बन गए हैं। भारत ने एक फिर दोहराया है कि अब किसी भी तरह से दुनिया से आतंकवाद का खात्मा करना होगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सुरक्षा परिषद के विशेष सत्र में पाकिस्तान का नाम लिए बिना उन देशों को आड़े हाथों लिया जिनका मूल काम आतंकवाद को बढ़ावा देना है। अफगानिस्तान में सत्ता पलट के घटनाक्रम से सबसे ज्यादा जो देश प्रभावित हुए हैं उनमें भारत भी है। इसलिए अब सुरक्षा परिषद में अफगानिस्तान के मुद्दे पर भारत कुछ रहा है तो उसकी अहमियत ज्यादा ही है। भारत ने जिस सबसे गंभीर मुद्दे पर वैश्विक समुदाय का ध्यान खींचा है वह आतंकी संगठनों को बढ़ावा देने वाले देशों को लेकर है। सवाल है कि इन देशों से निपटने की रणनीति क्या बने? अफगानिस्तान के हालात बता रहे हैं कि आतंकवाद से निपटने में अगर वैश्विक समुदाय ने इच्छाशक्ति नहीं दिखाई तो भविष्य में हालात और बदतर होते चले जाएंगे। दूसरे और देश भी आतंकवाद की जद में आते जाएंगे। गंभीर होते जा रहे हालात में भारत ने यह भी दोहराया है कि आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों पर कार्रवाई के लिए बनाए गए वित्तीय कार्रवाई कार्यबल को और सशक्त बनाने की जरूरत है। गौरतलब है कि इस बल ने पाकिस्तान को निगरानी सूची में डाल रखा है। यह तो पूरी दुनिया जान रही है कि दूसरे देशों की तरह भारत भी लंबे समय से सीमा पार आतंकवाद की मार झेल रहा है। अब तक अमेरिका के साथ भारत भी यही कहता रहा है कि पाकिस्तान आतंकियों के प्रशिक्षण का वैश्विक केंद्र है। वैश्विक अनुभव भी यही बता रहा है कि अफगनिस्तान में तालिबान को सत्ता तक पहुंचाने में पाकिस्तान की भूमिका भी कम बड़ी नहीं रही है। कहा जाता है कि उसने तालिबान के लिए लड़ाके तैयार किए और सैन्य मदद भी दी। ढाई दशक पहले जब तालिबान ने सत्ता पर कब्जा किया था तब भी उसे पाकिस्तान ने समर्थन दिया था। आज भी पाकिस्तान का तालिबान को खुला समर्थन है। लेकिन ज्यादा चिंता की बात तो यह है कि अबकी बार चीन, रूस, बांग्लादेश जैसे कई और मुल्क भी तालिबान को समर्थन देने से परहेज नहीं कर रहे। ऐसे में तालिबान की ताकत को बढ़ने से रोक पाना इतना आसान नहीं है।

आ रहे स्वदेश!

संकट में हैं जो फंसे ।
उनको रहे निकाल ।।
तंत्र ने हमारे ।
कर दिया कमाल ।।
आ रहे स्वदेश ।
जो पड़े मझधार ।।
हुए कितने बेघर ।
छूंट गया घर-बार ।।
सही सलामत वापसी ।
रहे लौट वतन ।।
डूब गया वो सब कुछ ।
जो अब तक जतन ।।
अपने लोगों से मिलना ।
दे रहा आनंद ।।
चेहरे पर फिर लौट रही ।
है मुस्कान मंद ।।

–कृष्णेन्द्र राय

कोविड टीकाकरण में लगातार आगे बढ़ता मध्य प्रदेश

टीके महामारी नियंत्रण के लिए कारगर शस्त्र हैं। पूर्ण टीकाकरण पश्चात बीमारी दर में अत्यन्त कमी देखी गई है। जिन्हें दोनों टीके सही समय पर लग चुके हैं उनमें मृत्यु दर, कोविड पश्चात विकलांगता दर में आशातीत कमी पायी गयी है। टीके बीमारी से लड़ने के लिए शरीर की प्रतिरक्षक प्रणाली को मजबूत करते हैं। टीके संक्रमण दर में अत्यंत गिरावट लाते हैं। शारीरिक, मानसिक, मनोवैज्ञानिक परेशानियों से बचाते हैं। टीके बीमारी उन्मूलन में सहायक हैं। टीके ष्आउट ऑफ पॉकेटष हर परिवार का खर्च बचाते हैं।

कोरोना जैसी घातक बीमारी से बचाव के दो ही महत्वपूर्ण शस्त्र है। एक वैक्सीन और दूसरा मास्क। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान लगातार इन दोनों शस्त्रों का उपयोग कर कोरोना को हराने की अपील प्रदेशवासियों से कर रहे हैं। अब समय आ गया है कि हम सब इस अपील को जीवन में उतारें। घर के बाहर निकलते ही मास्क जरूर लगायें। इसके साथ ही 25 अगस्त से शुरू हो रहे दो दिवसीय वैक्सीनेशन महा-अभियान-2 में सक्रिय भागीदारी निभायें। निर्धारित टीकाकरण केन्द्रों में स्वयं और अपने परिजनों को वैक्सीन लगवाने के साथ ही पड़ोसियों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए जरूरी है कि सभी डबल सुरक्षा के लिये वैक्सीन का दूसरा डोज भी लगवायें।

कोविड-19 वैक्सीनेशन महा-अभियान-2 प्रदेश के सभी जिलों में एक साथ आयोजित होगा, जिसमें 20 लाख व्यक्तियों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य है। प्रदेश में अभी तक 4 करोड़ से अधिक लोगों को टीका लग चुका है। इनमें किसी को भी गंभीर प्रतिकूल प्रभाव (साइड इफेक्ट) की रिपोर्ट टीकाकरण सेंटर में नहीं मिली है।

कुछ लोगों में कोविड-19 के प्रति विभिन्न प्रकार की भ्रांतियाँ हैं। खासतौर से गाँवों और ग्रामीण क्षेत्रों में, जिनका वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है। जैसे टीका लगवाने के कुछ दिन बाद मेरे पड़ोसी की मृत्यु हो गयी, टीका लगवाने के

बाद बीमार हो गये, इससे नसबंदी हो जाती है, फेफड़े खराब हो जाते हैं, टीका लगवाते ही कोरोना हो जाता है आदि। यह सब भ्रांतियाँ सत्य से कोसो दूर हैं। टीका पूरी तरह से असरकारी और हानिरहित है। आज तक कोई ऐसी दवा नहीं बनी है, जिससे किसी को बीमार किया जा सके। अफवाहों पर हमें ध्यान नहीं देना है। टीका हमारा दोस्त है, दुश्मन नहीं। हमें डरना नहीं है बल्कि इस बात को समझना है कि टीके से ही हमने बड़ी माता (स्माल पॉक्स), पोलियो और नवजात शिशुओं में टिटनेस जैसी बीमारियों का अन्त किया है। टीका लगवाने के बाद कुछ लोगों को एक-दो दिन बुखार या बदन दर्द जैसे कुछ लक्षण आना सामान्य बात है। यह एकदम मामूली प्रभाव है, जो कुछ ही घंटों में समाप्त हो जाते हैं। शरीर का प्रतिरक्षा तंत्र विकसित होने की प्रक्रिया में यह लक्षण आना सामान्य बात है। कुछ लोगों को टीका लगने के बाद मामूली दर्द, हल्का बुखार, थोड़ी सूजन, लालामी, दर-दरे, खुजली जैसे लक्षण आते हैं, जो 24 से 48 घंटे में खुद ही ठीक हो जाते हैं। इसलिये घबराने या डरने की कोई बात नहीं है।

यह सभी लक्षण दशार्ते हैं कि बीमारी से लड़ने की ताकत शरीर में पहुँच चुकी है, इससे घबराएँ नहीं।

दर्द या बुखार अधिक होने पर पैरासिटामोल गोली राहत दिलाती है।

सुई लगे स्थान पर ठंडे पानी की पट्टी लगा सकते हैं।

अन्य कोई तकलीफ होने पर लोअप के लिए 24 घण्टे परामर्श संपर्क नंबर-108 एवं 1075 हमेशा उपलब्ध हैं।

निरूशुल्क परिवहन एंबुलेंस 108 सेवा उपलब्ध है।

टीके का नसबंदी से दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं है। यह कोरी अफवाह है। टीका लगवाने से फेफड़े खराब होने की बात भी पूरी तरह से तथ्यहीन है। फेफड़े कोरोना संक्रमण से खराब होते हैं। यह टीका तो कोरोना संक्रमण से प्रभावी सुरक्षा देता है। विशेषज्ञों के अनुसार यह टीका किशोरी बालिकाओं और महिलाओं द्वारा माहवारी के दौरान भी लगवाया जा सकता है। यह धारणा सही नहीं है कि टीकाकरण तो गर्भवती महिलाओं और शिशुओं का किया जाता है, बड़ों का नहीं। इसका माकूल उत्तर यह है कि जैसे शिशु को टीकाकरण से जानलेवा रोगों से सुरक्षा मिलती है, वैसे ही बड़ों को कोरोना संक्रमण से सुरक्षा के लिए यह टीका है। समझदारी इसी में है कि हम बीमारी न होने के उपायों का पालन करें न कि इसमें कि बीमार होकर फिर उपचार करायें। गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के लिए भी सरकार ने विशेष अभियान चलाकर बड़ी संख्या में टीकाकरण किया गया। अंतर्राष्ट्रीय प्रक्रियाओं और मानकों के अनुरूप वैक्सीन का परीक्षण किया गया है। पूरी तरह प्रभावी और सुरक्षित पाये जाने के बाद ही इसे लगाने की अनुमति दी गयी है। वैक्सीन को स्टार्टिंग प्वाइंट से एण्ड प्वाइंट तक कोल्ड चेन में रखा जाता है, जिससे वैक्सीन खराब नहीं होती। कोरोना संक्रमित हो चुके व्यक्ति को रिपोर्ट निगेटिव आने के 3 माह बाद टीका लगवाना चाहिए। टीका लगवाने के बाद आपके दोबारा संक्रमित होने का खतरा कम हो जाता है। इसके बाद भी यदि संक्रमण हो जाता है, तो वह जानलेवा नहीं हो पाता। दोनों वैक्सीन गहन अध्ययन के बाद निर्मित हुई है, दोनों की ही गुणवत्ता और सुरक्षा एक समान है।

ऐसे में कोरोना की पहली, दूसरी लहर बीत जाने बाद अब जब तीसरी लहर की आशंका है, तो नागरिकों को अपने विवेक से निर्णय लेकर टीका लगवाकर स्वयं को और अपने प्रियजनों को सुरक्षित करने में योगदान देना होगा। जिस तरह जागरूक नागरिक वोट डालता है, वैसे ही जागरूक नागरिक टीका भी लगवा रहे हैं और लगवाना भी चाहिये। इस तरह जब हम करेंगे तो न केवल हमारा परिवार, हमारे पड़ोसी, हमारी गली, हमारा मोहल्ला/बस्ती, गाँव, कस्बा, शहर और जिला, फिर प्रदेश और देश कोरोना संक्रमण से सुरक्षित हो सकेगा। इसलिये मेरा सुझाव और आग्रह देनों है कि आपके मुहल्ले, गाँव या कस्बे में अभी तक संक्रमण नहीं हुआ है, तब भी आप टीका जरूर लगवायें, क्योंकि यह कभी भी कहीं भी पहुँच सकता है। पहले से ही सतर्क रहना जरूरी है। ध्यान रखिये कोरोना संक्रमण पड़ोसी के घर लगी आग की तरह है, इससे बचाव का पहले से ही इंतजाम करना समझदारी है। इस बार आपकी यह समझदारी है आपका टीकाकरण।

हृदय के साथ मस्तिष्क का भी ध्यान रखना जरूरी है

रोग के स्थान दो होते हैं एक शरीर और मन .मन दुखी हो तो उसका प्रभाव शरीर पर पड़ता हैं और शरीर दुखी हो तो उसका प्रभाव मन पर पड़ता हैं .दोनों एक दूसरे के पूरक .मन स्वयं बहुत विस्त्रीत हैं उसके सम्पर्क में हमारा दिल जो शरीर का महत्वपूर्ण अंग हैं प्रभावित होता हैं उस कारण अनेक शरीरिक और मानसिक रोग होते हैं .वर्तमान में मानव समाज दोनों तरह के रोगों से संक्रमित हैं .इसके प्रभाव से बचने हमे मानसिक रोगों से बचना बहुत आवश्यक हैं

आपने अक्सर लोगों को कहते सुना होगा कि हृदय का ध्यान रखें। उसके लिए अच्छी डाइट ले एक्सरसाइज करें। लेकिन क्या आप जानते हैं कि हृदय के साथ मस्तिष्क का भी ध्यान रखना जरूरी है। अएक स्वस्थ शरीर के लिए हृदय का रोग मुक्त होना और मजबूत होना बेहद जरूरी होता है। इसलिए अक्सर विशेषज्ञ हृदय को स्वस्थ रखने के लिए एक बेहतर जीवन शैली, खान पान और व्यायाम करने की सलाह देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक स्वस्थ हृदय बनाने के लिए आपको अपने मस्तिष्क का भी उतना ही ख्याल रखना होगा। हाल ही में हार्वर्ड मेडिकल स्कूल की वेबसाइट पर इससे जुड़ा एक लेख प्रकाशित किया गया है। इस लेख में बताया गया है कि मस्तिष्क पर पड़ने वाले दबाव का असर हृदय पर भी पड़ता है। इसकी वजह से हृदय रोग तक पैदा हो जाते हैं। ऐसी ही कई दूसरी रिसर्च भी हो चुकी हैं जो बताती हैं कि हृदय और मस्तिष्क दोनों का स्वास्थ एक दूसरे से जुड़ा हुआ है। रिसर्च में यह भी बताया गया है कि मानसिक विकार आपके व्यवहार पर असर डालते हैं। यही नहीं डिप्रेशन की वजह से आप अपनी दिनभर के कामकाज में भी मन नहीं लगा पाते और इसमें ही फंसते जाते हैं। आइए आज हम आपको बताते हैं कि आखिर कौन सी स्थिति मस्तिष्क और हृदय के लिए खराब हैं। साथ ही कैसे हम इन दोनों का ख्याल रख सकते हैं।

आज के समय में स्ट्रेस होना बेहद स्वाभाविक है। यह आपके कार्य क्षमता को बढ़ाता है। लेकिन अगर लंबे समय तक कोई व्यक्ति लगातार तनाव में रहे तो यह आपके लिए खतरनाक हो सकता है। रोचेस्टर मेडिकल सेण्टर विश्वविद्यालय में हुई रिसर्च बताती है कि तनाव लेने से शरीर से कॉर्टिसोल नामक हार्मोन रिलीज होता है। ऐसे में जब व्यक्ति अधिक तनाव लेता है तो यह हार्मोन अधिक मात्रा में रिलीज होता है।

जिसकी वजह से रक्त कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड्स, रक्त शर्करा और रक्तचाप बढ़ने लगता है। यही नहीं इसकी वजह से रक्त धमनियों में हानिकारक परत जमा होने लगता है। इससे रक्त प्रवाह में समस्या पैदा होने लगती है और स्ट्रोक आने का खतरा भी बढ़ जाता है।

नोट - आपको बता दें कि स्ट्रेस की वजह नींद, काम और रिश्तों में हुई अनबन भी हो सकती है। ऐसे में अधिक स्ट्रेस लेने से बचें।

डिप्रेशन और हृदय रोग एक दूसरे से पूरी तरह ही जुड़े हुए हैं। हाल ही में हुए शोध बताते हैं कि डिप्रेशन की वजह से कोरोनरी धमनी रोग का खतरा लगभग दोगुना हो जाता है। वहीं अन्य अध्ययनों की माने तो ऐसे लोग जो पहले से ही हृदय रोग से पीड़ित हैं। उनमें डिप्रेशन होने का खतरा तीन गुना ज्यादा होता है। इसके अलावा एक अन्य शोध में पता चला है कि हर पांच में से एक व्यक्ति डिप्रेशन का शिकार होता है। यही नहीं ऐसे लोग जो डिप्रेशन के शिकार हैं और पहले से ही किसी हृदय रोग से पीड़ित हैं। उन्हें हार्ट अटैक आने का खतरा भी अधिक रहता है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह लोग ना तो ऐसे में धूम्रपान छोड़ते हैं, ना अल्कोहल और ना ही व्यायाम करते हैं।

महर्षि अध्यात्म विश्वविद्यालय का हिन्दी प्रसिद्धी पत्रक

महर्षि अध्यात्म विश्वविद्यालय को नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन में हिन्दू और नाजी स्वस्तिक के पीछे आध्यात्मिक अंतर पर अपने शोध के लिए सर्वश्रेष्ठ पेपर पुरस्कार प्राप्त हुआ । प्रतीकों से प्रक्षेपित सूक्ष्म स्पंदन ही समाज द्वारा उन प्रतीकों को देखने का मापदंड हो ! प्रत्येक प्रतीक से सूक्ष्म स्पंदन प्रक्षेपित होते हैं । ये सूक्ष्म स्पंदन सकारात्मक अथवा नकारात्मक हो सकते हैं। अधिकांश धार्मिक नेता उनके धर्म के प्रतीकों से प्रक्षेपित सूक्ष्म स्पंदनों की ओर ध्यान नहीं देते । इससे उनके भक्तों पर अनिष्ट परिणाम हो सकते हैं, ऐसा प्रतिपादन महर्षि अध्यात्म विश?वविद्यालय के श्री. शॉन क्लार्क ने किया। दी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेन्स ऑन इनोवेश्न्स इन मल्टीडिसिप्लीनरी रीसर्च नई देहली के अंतरराष्ट्रीय परिषद में वे बोल रहे थे । श्री. शॉन क्लार्क ने इस परिषद में हिन्दू और नाजी स्वस्तिक में आध्यात्मिक भेद यह शोधनिबंध प्रस्तुत किया जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ पेपर पुरस्कार मिला।

महर्षि अध्यात्म विश्वविद्यालय के संस्थापक परात्पर गुरु डॉ. आठवलेजी इस शोधनिबंध के लेखक तथा श्री. शॉन क्लार्क सहलेखक हैं । इस परिषद का आयोजन आय कॉन्फ्रेन्स नई दिल्ली ने किया था । महर्षि अध्यात्म विश?वविद्यालय द्वारा वैज्ञानिक परिषद में प्रस्तुत किया गया यह 78 वां शोधपरक लेख था। इससे पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा 15 राष्ट्रीय और 62 अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक परिषद में शोधनिबंध प्रस्तुत किए गए हैं । इनमें से 5 अंतरराष्ट्रीय परिषदों में विश्वविद्यालय को सर्वोत्कृष्ट शोधनिबंध पुरस्कार प्राप्त हुआ है । श्री. शॉन क्लार्क ने विविध प्रतीकों के, विशेषतः हिन्दू और नाजी स्वस्तिक के संदर्भ में किए शोध के अंतर्गत किए विविध प्रयोगों की विस्तार से जानकारी दी । उन्होंने यूनिवर्सल ऑरा स्कैनर (यू.ए.एस.) इस उपकरण के द्वारा किए गए शोध कार्य की जानकारी विशेष रूप से बताई ।

1. हिन्दू स्वस्तिक और नाजी स्वस्तिक का तुलनात्मक अध्ययन : मूल हिन्दू स्वस्तिक में अत्यधिक मात्रा में सकारात्मक ऊर्जा पाई गई, जबकि नाजी स्वस्तिक में अत्यधिक नकारात्मक ऊर्जा पाई गई ।

2. हिन्दू स्वस्तिक और नाजी स्वस्तिक हाथ की बांह पर पहनने का परिणाम : इस प्रयोग में सहभागी दो व्यक्तियों में से प्रथम व्यक्ति को आध्यात्मिक कष्ट होने से प्रयोग के पहले ही उससे नकारात्मक स्पंदन प्रक्षेपित हो रहे थे । दूसरे व्यक्ति से जांच के पूर्व सकारात्मक स्पंदन प्रक्षेपित हो रहे थे । बांह पर नाजी स्वस्तिक बांधने पर प्रथम व्यक्ति की नकारात्मक ऊर्जा का प्रभामंडल दुगुना बढकर 5.73 मीटर हो गया । दूसरे व्यक्ति में 5 मीटर लंबी नकारात्मक ऊर्जा का प्रभामंडल निर्माण हुआ तथा उसकी सकारात्मक ऊर्जा पूर्णतः नष्ट हो गई । उपरोक्त जांच के उपरांत उनके हाथ की बांह पर बंधा नाजी स्वस्तिक निकालने पर, दोनों व्यक्ति मूल स्थिति (प्रयोग के पहले की स्थिति) में आने तक प्रयोग रोक दिया गया । मूल स्थिति में आने पर उनके हाथ की बांह पर हिन्दू स्वस्तिक बांधा गया । 20 मिनिट के उपरांत की गई जांच में पाया गया कि प्रथम व्यक्ति की नकारात्मक ऊर्जा का प्रभामंडल पूर्णतः नष्ट हो गया है । इतना ही नहीं, उसमें सकारात्मक ऊर्जा निर्माण हुई, जिसका प्रभामंडल 1 मीटर था । दूसरे व्यक्ति की सकारात्मक ऊर्जा का प्रभामंडल मूल 3.14 से बढकर 6.23 मीटर हो गया, अर्थात लगभग दुगुना हो गया । उपरोक्त दोनों प्रतीक अपनी-अपनी क्षमता के अनुसार किस प्रकार शक्तिशाली हैं, यह इस प्रयोग से सिद्ध हुआ । नाजी स्वस्तिक धारण करनेवाले पर तीव्र नकारात्मक परिणाम होता है तथा प्राचीन भारतीय स्वस्तिक का अत्यधिक सकारात्मक परिणाम होता है ।

मौके का फायदा मोदी बाबू... समझो इशारे... महबूबा पुकारे... रम..., पम..., पम...?

अफगानिस्तान-तालिबान घटनाक्रम ने कहां-कहां तक असर डाला है? उसका खुलासा अब होने लगा है, जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म करने के दो साल बाद अब वहां के नाराज नेताओं को मोदी सरकार को खुलकर धमकाने का मौका मिला है, इस मामले में आज मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के सियासी दलों के संयुक्त संगठन गुपकर की अहम् बैठक भी होने वाली हे, जिसमें भारत के आसपास के मौजूदा हालातों से जम्मू-कश्मीर कैसे फायदा उठा सकता है? इस अहम् सवाल पर गंभीर विचार-विमर्श व चिंतन होगा, वैसे राज्य के सियासी मामलों में एक-दूसरे के पूरक रहे स्थानीय सियासी दल अब अनुच्छेद 370 की पुनः वापसी के मुद्दें पर एकजूट हो गए है और उन्होंने गुपकर का गठन किया है, जिसकी अगुवाई फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती कर रहे हैं, अब आज इसकी अहम् बैठक है।

इस बैठक का मूल मकसद पड़ौसी अफगानिस्तान पर तालिबान द्वारा किए गए कब्जे के संदर्भ में कश्मीर में अपनी सियासी रोटी सेंकना और मोदी सरकार का विरोध करना है। इस बैठक के पहले ही महबूबा मुफ्ती ने एक विवादित बयान दिया है, जिसमें मोदी सरकार को खुलेआम धमकी देते हुए कहा गया है कि कश्मीर के मामले में मोदी सरकार अभी भी नहीं सुधरी तो यहां भी अफगानिस्तान जैसे अंजाम होगा। अर्थात् महबूबा जी खुलकर यह बताने का प्रयास कर रही है कि उनका तालिबान के साथ चोली-दामन का साथ है और कश्मीर को यदि अनुच्छेद-370 नहीं लौटाया गया तो यहां भी अफगानिस्तान जैसे ही हालात होगें।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि कुछ सियासी मसलों को लेकर कुछ दिन पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महबूबा जी की माँ गुलशन नजीर से लम्बी पूछताछ की थी, उसी से बौखलाकर महबूबा ने मोदी सरकार के खिलाफ धमकी भरा बयान जारी किया है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि अगर

जम्मू-कश्मीर के स्थानीय नेताओं की मांग नहीं मानी गई तो फिर मोदी सरकार को गंभीर नतीजें भुगतने होंगे। अफगानिस्तान घटनाक्रम के बाद अभी तक सियासी गलियारों में जो यह आशंका व्यक्त की जा रही थी कि चीन व पाकिस्तान सिर्फ और सिर्फ भारत पर अपना दबाव बनाने के लिए तालिबान के समर्थक बने हुए है, उसे महबूबा के बयान ने हकीकत में बदल दिया है, भारत सरकार चूंकि इस अफगानी घटनाक्रम को लेकर लगातार मौन साधे बैठी है, उससे यह संदेश पूरे विश्व में फैलाने का यह प्रयास किया जा रहा है कि मोदी सरकार भी तालिबान से डरी-सहमी है और अपना मुंह नहीं खोल पा रही है।

....और सबसे बड़े आश्चर्य की बात तो यह भी है कि इतने खतरनाक देश विरोधी बयान देने के बाद भी महबूबा के खिलाफ अब तक किसी भी स्तर पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। अब क्या सरकार गुपकार संगठन के सामुहिक बयान का इंतजार कर रही है? किंतु यह सभी मानते है कि महबूबा के इस बयान ने जम्मू-कश्मीर की भावी डरावनी फिल्म का ट्रेलर जरूर उजागर कर दिया है, फिर सबसे अहम् बात यह भी है कि भारत की पूर्व यूपीए सरकार की तरह मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर को कभी भी गंभीरता से नहीं लिया और उसने मानवीय व मनोवैज्ञानिक तरीकों के बाद सियासी तरीकों से जोर- जबरदस्ती कर वहां के मसले हल करने की कौशिशें की, जिसका उदाहरण 370 अचानक खत्म करना है। फिर जम्मू-कश्मीर जैसे विवादित व सियासी समस्या ग्रस्त राज्य को राजनेता के हवाले कर दिया गया, जबकि यूपीए सरकारें वहां राज्यपाल या उप-राज्यपाल की नियुक्ति पर सुरक्षा सेवा (आर्मी या पुलिस) से जुड़े शख्स की करती थी, जो साम-दाम-दण्ड-भेद तरीके से वहां के स्थानीय विवादित मुद्दों को हल करते थे, किंतु अब वहां ऐसे-ऐसे उप-राज्यपाल भेजे जाने लगे जो पाक की बंदूक से कश्मीरी लाठी के मुकाबले की बात कर रहे है। ....और लाठी चार्ज को सही ठहरा रहे है, इस माहौल में आम कश्मीरी की सहानुभूति व सहयोग भारत सरकार को कैसे मिल सकते है? यह कश्मीर समस्या को गंभीरता से नहीं लेने का ताजा उदाहरण है।

अब आज स्थिति यह है कि न तो कश्मीर से निष्कासित पंडितों की वापसी का वादा सरकार पूरा कर पा रही है और न ही वहां के नागरिकों में कोई आम विश्वास ही पैदा करने के प्रयास किये जा रहे है, इसीलिए वहां के निष्कासित पंडितों को व्यंग में सरकार से पूछना पड़ रहा है कि आप मंदिर तो कश्मीर में बनवा रहे है, पर उनमें स्थापित देवता की पूजा और उनका रख-रखाव कौन करेगा? इस प्रकार कुल मिलाकर सरकार अनुच्छेद 370 को खत्म करने के बाद न तो इस स्वर्ग को लेकर अपनी नीति स्पष्ट कर रही है और न ही उसके प्रति गंभीरता ही दिखा रही है, ऐसे में महबूबा जैसे स्थानीय नेता करें तो क्या?

महाराष्ट्र के सपा प्रदेश अध्यक्ष विधायक जनाब अबू आसिम आजमी साहब का फरेंदा में जोरदार स्वागत

प्रखर पूर्वांचल महराजगंज। समाजवादी पार्टी महाराष्ट्र के प्रदेश अध्यक्ष, विधायक जनाब अबू आसिम आजमी साहब के प्रथम आगमन पर समाजवादी पार्टी के हजारो से अधिक साथियों सहित विधान सभा सिसवा-317 के भावी प्रत्यासी गौरीशंकर गुप्ता पूर्व सैनिक, वरिष्ठ सपा नेता, सरंक्षक साहू सामाजिक संगठन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजवादी साहू राठौर महासभा (गुडविल फर्नीचर उद्योग) के जोरदार स्वागत करने के उपरांत अपने प्रतिष्ठान स्थान गुडविल फर्नीचर उद्योग पर बैठक में प्रदेश अध्यक्ष, विधायक जनाब अबू आसिम आजमी साहब से हुई चर्चा में श्री गुप्ता ने जनपद महराजगंज के साथ-साथ सिसवा विधानसभा-317 क्षेत्र के जनहित के समस्याओं पर चर्चा किया, जिसमे श्री गुप्ता ने बताया कि इस क्षेत्र के सबसे प्रमुख समस्या बेरोजगारी है, खाने-पिने से लेकर हर वस्तु महंगी है, जिसके कारण यहां के लोग रोजगार के साधन न होने से लोगो को अन्य जनपद या प्रदेश में लोग पलायन करने के लिए मजबूर है। पलायन को खत्म करने के लिए मुझे अगर विधान सभा-317 से आप लोगो के सहयोग और आशीर्वाद से विजय मिला तो मै सरकार को

औद्योगिक विकास और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए नई योजना और अपने क्षेत्रों कम्पनी और फैक्ट्रीओं को खोलने हेतु प्रयास रहेगा, जिससे अपने पिछड़ेपन जनपद के लोगों को काम मिलता रहेगा और ग्रामीण क्षेत्रों का विकास होगा। क्षेत्र में भ्रमण के दौरान ये भी देखने को मिलता है कि सरकारी योजनाओं और सुविधाओं से वंचित लोगों और गांवों की एक लंबी सूची में कई ग्रामीण ऐसे हैं जिनका नाम गरीबी रेखा के नीचे के सूची में दर्ज है लेकिन इसके तहत उन्हें जो सुविधाएं मिलनी चाहिए थीं उससे आज तक वंचित रखा गया हैं और सबसे बड़ी समस्या ये भी है कि इस जनपद को बने हुए कई दशक होने के बाद भी आज तक तमाम संख्या में आज भी बिजली, पानी, सड़क, आवास एवं शौचालय से तमाम गांव के लाभार्थी वंचित है। चुनाव जीतने के बाद यहां के प्रतिनिधि विकास के पैसे को भ्रष्टाचार करने में मस्त हो जाते है और यहाँ के जनप्रतिनिधियो को जनहित के पैसे से अपने स्वार्थ की पूर्ति करते रहते है। इस सरकार में थाने और कोतवाली में दलाली चरम सीमा पर है, यहाँ के सांसद और विधायक प्रशासन को अपने दवाब में रखकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओ को निशाना बनाया गया है तथा विरोध करने पर पुलिसिया उत्पीड़न करने के बाद फर्जी मुकदमे में फसाया जा रहा है, अभी जिला पंचायत अध्यक्ष एवं ब्लाक प्रमुख के चुनाव में वर्तमान भाजपा सरकार के लोगो ने सरकार में होने के कारण प्रशासन के सहयोग से गुंडई के बल पर हर जगह सत्ता के दुरुपयोग कर काबिज हुये है, तथा विधान सभा सिसवा 317 के भाजपा विधायक प्रेमसागर पटेल अभी एक सम्मान कार्यक्रम में बोल रहे थे, कि मैने ब्लाक प्रमुख कि चुनाव में एक बड़ी जीत कराया और मैने निचलौल को पाकिस्तान बनाने से रोक लिया, जबकि निचलौल ब्लाक अनुसूचित सीट थी, तो आखिर मे मीडिया या अन्य लोगो से भी पूछा और चर्चा किया कि आखिर पाकिस्तान बना कौन रहा है?

जलजमाव को लेकर सड़क पर उतरे ग्रामीण, किए नाराबाजी, रोपे धान

प्रखर दुल्लहपुर गाजीपुर। मरदह थाना क्षेत्र के अंतर्गत बोगना मुख्य चट्टी पर विगत कई सालों से जल जमाव के चलते आए दिन ग्रामीणों सहित राहगीरों को परेशानियों का सामना करते देख ग्रामीणों का गुस्सा आखिर फूट ही गया।नाराज ग्रामीणों ने

सड़क पर उतर कर नारेबाजी की और धान की रोपाई करके शासन-प्रशासन को आईना दिखाया। गौरतलब हो कि स्कूल जाने वाले बच्चे, तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाने वाले लोगों को जल जमाव होने से परेशानियों का सामना करने की विवशता कम होने का नाम नहीं ले रही। पानी भरे कीचड़ में ?गिर कर लोग चोटिल हो रहे हैं। इस प्रदर्शन में स्कूल के बच्चे महिलाएं संतोष विकलांग सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार गोंड उर्फ क्रांति, रणजीत शर्मा, राजेश प्रजापति, अभिषेक कुमार,विक्रांत कुमार, वीरबहादुर कुमार, डॉ दीपक कुमार, बंटी कुमार, डॉ राजेश शर्मा, राहुल कनौजिया, पिंटू वरनवाल, शुभम, प्रवीण चौहान उर्फ गाली,साहिल सहित अन्य ग्रामीण महिलाएं भी उपस्थित थीं।

संक्षिप्त खबरें

बनारस टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन एवं ट्रक एसोसिएशन की जोनल परिवहन कार्यालय में बैठक सम्पन्न

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जोनल परिवहन कार्यालय पहड़िया में उ0प्र0 परिवहन आयुक्त अशोक सिंह व संभागीय परिवहन अधिकारी हरिशंकर सिंह के द्वारा एक बैठक बुलाई गई जिसमें मुख्य रूप से बनारस टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (वाराणसी) के समस्त पदाधिकारी एवं ट्रक एसोसिएशन ,गाजीपुर बस एसोसिएशन एवं टेंपो एसोसिएशन के पदाधिकारी की एक बैठक संपन्न हुई। जिसमें बनारस टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने वाराणसी के समस्त ट्रांसपोर्टरों को हो रही असुविधा के बारे में चर्चा किया एवं उनसे इस विषय में अपने उच्च अधिकारियों से सहमति लेकर जल्द से जल्द वाराणसी में हो रहे ट्रांसपोर्टरों को परेशानियों का निस्तारण करने के लिए ट्रांसपोर्ट कमिश्नर से मीटिंग की बात रखें। बात को गंभीरता से लेते हुए उप परिवहन आयुक्त अशोक सिंह ने लखनऊ उच्च अधिकारियों से बात की और 27अगस्त को परिवहन आयुक्त धीरज साहू से टाइम लेकर हम वाराणसी के ट्रांसपोर्टरों की मीटिंग तय कराई। कल 27अगस्त को बनारस टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के नेतृत्व में वाराणसी के समस्त ट्रांसपोर्ट यूनियन ट्रक ट्रांसपोर्ट यूनियन गाजीपुर बस यूनियन टैक्सी एवं टेंपो यूनियन के पदाधिकारी लखनऊ परिवहन आयुक्त से प्रातः 11:00 बजे मिलेंगे और अपनी समस्याओं से अवगत कराएंगे। बैठक में बनारस टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के (अध्यक्ष) राकेश कुमार सिंह (महामंत्री) प्रकाश जायसवाल, प्रभाकर पांडेय, विनोद कुमार सिंह राकेश श्रीवास्तव ट्रक यूनियन के(अध्यक्ष) राजेश रुपानी जी व दीना यादव, बेचन राम, सुनील पांडेय, गाजीपुर बस यूनियन के (अध्यक्ष) जय प्रकाश सिंह व मंटू सिंह टेंपो यूनियन के अध्यक्ष दीनानाथ सिंह दीनू इत्यादि लोग उपस्थित थे।

कीमती मोबाइल के साथ दो शातिर चोर को पुलिस ने पकड़ा

प्रखर पिंडरा वाराणसी। सिंधोरा पुलिस ने दो शातिर चोरों को गुरुवार को चोरी के कीमती पाँच मोबाइल के उन्हें धर दबोचा। गिरफ्तार चोरों को जेल भेज दिया। चोरों के खिलाफ कई थानों में मुकदमे दर्ज है। सिंधोरा इंस्पेक्टर संतोष तिवारी ने बताया कि पुलिस ने सिंधोरा, फूलपुर बाजार, रेलवे कैण्ट स्टेशन आदि स्थानों से चोरी करने वाले शातिर चोर राजू तिवारी पुत्र राजेन्द्र तिवारी निवासी ग्राम मरूई थाना सिंधोरा व अमित शर्मा पुत्र गोपाल प्रसाद शर्मा निवासी शिवपुर मरूई सिंधोरा को चोरी की 5 मोबाइल फोन के साथ उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह सुबह ओदार बाजार में पुलिस को देखकर भागने लगे। एसआई बरदानी लाल व बबेश कुमार ने मयफोर्स उन्हें धर दबोचा। गिरफ्तार शातिर चोरो को धारा 379,411,413 के तहत जेल भेज दिया। इसके पूर्व इनके खिलाफ भेलूपुर, कैंट, बड़ागाँव थाना समेत आधा दर्जन मुकदमे दर्ज है।

बैंक व आरोह फउंडेशन ने पिंडरा ब्लॉक के 15 गांव में किया राशन वितरित

प्रखर पिंडरा वाराणसी। एचडीएफसी बैंक व आरोह फाउंडेशन ने बृहस्पतिवार को कोरोना संकट के दौरान पिंडरा ब्लॉक के 5 गावो को ड्राई राशन वितरित किया।आरोह फाउंडेशन की चैयरमेन डॉ नीलम गुप्ता ने बताया की आरोह फाउंडेशन ने ऐसे लोगो को चयनित किया है जिनकी नौकरी कोरोना के समय चली गई है और उनके पास जीविका का दूसरा कोई विकल्प नहीं है। इस महीने में एचडीएफसी बैंक और आरोह फाउंडेशन 708 लोगो को राशन दे रही है। आरोह फाउंडेशन 7 महीनो से लगातार वाराणसी जनपद के पिंडरा ब्लॉक में समग्र विकास कार्य कर्म चला रही है । जिससे ग्रामीणों को कृषि, शिक्षा, प्राकृतिक संसाधन, कौशल विकास, महिला शसक्तीकरण व स्वस्थीय सेवाओं में लाभ हो रहा है।इस मौके पर विवेक सिंह ने बताया इससे पहले भी पिंडरा ब्लॉक के देवराई और निहालपुर गाँव में बैंक और आरोह फाउंडेशन की ओर से 513 लोगो को राशन बाटा जा चुका है। वृहस्पतिवार को बाबतपुर, टीकरी खुर्द ,नंदा पुर, रसूलपुर और लोकापुर राशन खण्ड शिक्षा अधिकारी पिंडरा मंगरू राम, संकुल शिक्षक श्रवण कुमार , बाबतपुर के ग्राम प्रधान सुशीला देवी के द्वारा ग्रामीणों को राशन वितरित किया गया। इस इस मौके पर प्रोजेक्ट मैनेजर विवेक सिंह, विद्या कान्त पाठक , प्रेम, श्याम, सुनील, नीतीश, उमेश, व रविकांत उपस्थित रहे।

कैंट पुलिस की बड़ी कार्यवाही, चोरी के मोटरसाइकिल संग 2 गिरफ्तार 1 फरार

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी कॉपर पुलिस आयुक्त वाराणसी पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के कुशल निर्देशन में थाना कैंट ने मुकदमा अपराध संख्या 440/220 धारा 392 का आज कैंट पुलिस ने सफल अनावरण किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त वरुण सरकार जो कि महेशपुर झारखंड के रहने वाले हैं दूसरा व्याकुल शेख जोकि महेशपुर झारखंड के रहने वाले हैं यह दोनों को महज 3 दिन के अंदर कैंट पुलिस ने लूट के समान के साथ गिरफ्तार किया है जबकि एक अन्य अभियुक्त रोहित जोकि पश्चिम बंगाल का रहने वाला है फरार चल रहा है गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के ऊपर 10000 का इनाम डीसीपी विक्रांत बीर की तरफ से घोषित किया गया था। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग लगभग 2 वर्षों से सारंग तालाब थाना सारनाथ के अंतर्गत रहकर मजदूरी करते थे बेरोजगारी के कारण हम लोग लूट छिनैती व चोरी की घटनाओं को अंजाम देने लगे अभियुक्तों के पास से कैंट पुलिस ने लूट की एक आदत मोबाइल लूट की मोटरसाइकिल व ?2700 नगद बरामद किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक कैंट वेद प्रकाश राय ,उप निरीक्षक अजय पाल चौकी प्रभारी फुलवरिया ,उपनिरीक्षक राधेश्याम सिंह कैण्ट ,कांस्टेबल अखिलेश कुमार गिरी ,कांस्टेबल राज मल्होत्रा , कांस्टेबल सचिन मिश्रा सहित इत्यादि कैण्ट थाने की पुलिस टीम रही।

कांग्रेस सेवादल संस्थापक स्व0 सुब्बाराव हार्दिकर की पुण्यतिथि पर आयोजित हुई गोष्ठी

प्रखर पुर्वांचल वाराणसी। सेवादल कैंप कार्यालय महमूरगंज में गुरुवार को कांग्रेस सेवा दल के संस्थापक स्वर्गीय नारायण सुब्बाराव हार्दिकर की पुण्यतिथि के अवसर पर गोष्ठी आयोजित हुई जिसमें वरिष्ठ कांग्रेसी नेता श्री विनोद शुक्ला जी ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए गोष्ठी को संबोधित किया। अध्यक्षता कांग्रेस सेवा दल के जिलाध्यक्ष मनोज द्विवेदी ने की एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष कुंवर बबलू बिंद ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से जिला सचिव कांग्रेस सेवादल कृष्ण मुरारी लाल,जिला सचिव रविंद्र मौर्य,जिला सचिव सतीश भारती, कमल सिंह राजपूत,राजू यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

बारिश के मौसम में बढ़ जाती हैं सर्पदंश की घटनाएं

प्रखर गभिरन जौनपुर। सर्प दंश के शिकार अधिकतर गांव के किसान व मजदूर होते हैं।ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव के चलते लोग झाड़फूंक के चक्कर में पड़कर मरीज की जान खतरे में डाल देते हैं। सर्प दंश की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए राज्य सरकार ने इसे आपदा की श्रेणी में रखा है।सर्पदंश से बचने के उपाय के प्रति लोगों को सतर्क रहना चाहिए। अमूमन बरसात के मौसम में सर्प बाहर निकल आते हैं। ऐसे में उक्त मौसम में लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग को अपनी संवेदनशीलता दिखाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों के सभी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पर्याप्त रूप से एन्टी स्नेक वेनम की डोज की उपलब्धता सुनिश्चित करनी चाहिए।

दर्जनो अंधे छात्र व अधिवक्ता मिले डीएम व कमिश्नर से दिया प्रार्थना पत्र

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विकलांगों (दिब्यागो)के लिए जान न्यौछावर करने वाले प्रधानमंत्री भारत सरकार के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के दुगार्कुंड में वर्ष 1972 से संचालित हनुमान प्रसाद पोद्दार अंधविद्यालय के ट्रस्टी धनाढ्य व धनलोभी जालान, खेमका,अनुज कुमार डिडवानिया व गोवर्धन लाल झवर व अन्य सदस्यों द्वारा ट्रस्ट के आय-ब्यय के ब्यौरे का ऑडिट न कराकर केंद्र सरकार से प्राप्त होने वाले 75 प्रतिशत अनुदान को सुनियोजित साजिश के तहत अवरुद्ध कराकर विद्यालय को बन्द कर दिया गया।तथा जिला प्रशासन की मिलीभगत से वँहा के अंधे बच्चो को दूसरे जगह भेजकर बेशकीमती भूखंड का ब्यवसायिक उपयोग करने का प्रयास किया जा रहा है।जिसके विरुद्ध 21 दिनों से

सैकड़ो जन्मांध बच्चे धरनारत है परंतु उनकी आवाज मूक-बधिर प्रशासन द्वारा नही सुनी जा रही है । जिसके अनुक्रम में दर्जनो अंधे छात्रों व अधिवक्ताओ द्वारा 26 अगस्त को ट्रस्ट की अनियमितता व ट्रस्टीयो की साजिश की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही व ट्रस्ट को भंग कर उसका सन्चालन प्रशासन द्वारा करते हुए सैकड़ो अंधे बच्चो के जीवन व शिक्षा को सुरक्षित व संरक्षित करने की मांग करते हुए 26 अगस्त गुरुवार को कमिश्नरी सभागार में डीएम व कमिश्नर को प्रार्थना पत्र दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में अंध विद्यालय के छात्र सुधीर रॉय, विकास कुमार, रामकुमार के साथ अधिवक्ता कमलेश चन्द्र त्रिपाठी,विनोद पांडेय,संजीवन यादव,दिलीप पांडेय,मनीष सिंह, रविकांत त्रिपाठी,प्रभु यादव इत्यादि लोग सम्मिलित रहे।

थाना लालपुर से निराश पीड़िता पहुची पुलिस उपायुक्त कार्यालय कहीं न्याय नहीं मिला तो कर लुंगी आत्मदाह

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। रेखा सिंह पत्नी देवेंद्र सिंह दौलतपुर थाना लालपुर निवासिनी ने मीडिया से अपनी अपबीती सुनाई बतायी की 25 अगस्त सुबह 10 बजे कमिश्नर ऑफिस पहुंची जिसमें मेरे घर पर 19/08/2021को भू-माफिया प्रमोद कुमार पुत्र स्व कन्हैया लाल दौलतपुर पाण्डेयपुर निवासी व उसका लड़का प्रियान्शु अग्रवाल व 50 अपराधी किस्म के लोगों के द्वारा मेरी संपत्ति पर अवैध कब्जा करने की कोशिश की गई जिसमे मुझे काफी चोट भी लगी थी जिसकी मेडिकल कराया गया। इस घटना को लेकर प्रार्थना पत्र लेकर मैं फरियाद करने गई थी जिसमे मुझे न्याय नहीं मिला । इसी दौरान जब मैं पुलिस कमिश्नर ऑफिस में थी तभी मुझे सूचना मिली की मेरा पड़ोसी पुनः 11 बजे भू-माफिया प्रमोद कुमार पुत्र स्व कन्हैया लाल सुनियोजित तरीके से मेरे घर तथा घर के सभी सदस्यों पर जिसमें छोटे छोटे बच्चे भी हैं, जिनपर ईंट पत्थर चलाने लगे जिसमें प्रमोद कुमार और उसका लड़का प्रियान्शु अग्रवाल व धूर्त बाज बुलाई गई 6 अज्ञात औरतें जो पत्थर बाजी में भी शामिल थी और 20-25 अपराधी किस्म के लोग, मेरे घर में

घुस आए और मेरे घर में जोर जबरिया व अभद्रता करने लगे और मेरे घर के सामने का लगभग 10 वर्ष पुराना पेड़ था उसको काटकर हटा दिया और घर के सामने रखा हुआ सारा समान उठा ले गए। उस समय घर में कोई पुरुष व्यक्ति नहीं था सिर्फ जेठानी एवं बच्चे थे। इसकी सूचना 112 नंबर पुलिस को तत्काल दिया गया। इन लोगों ने मौके पर आकर विपक्षी गणों के रसूख से कोई कार्यवाही नहीं की और उल्टा हमारे जेठ पर अज्ञात औरतों द्वारा उल्टे सीधे आरोप लगा कर फसाने की धमकी दी गई जिसके कारण उन्हें कल रात से पाण्डेयपुर थाने पर रखा गया है। जिससे पूरे घर में दहशत का माहौल है। कभी भी कोई भी अप्रिय घटना प्रमोद और उसके साथियों द्वारा की जा सकती है। ये लोग काफी दबंग किस्म के लोग हैं जो मुझे घर में अकेली रहने पर गंदी गंदी हरकतें करते रहते है अगर इन लोगों के ऊपर पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती तो मैं आत्मदाह करने को मजबूर होंगी इसकी जिम्मेदार प्रमोद व लालपुर पुलिस होगी।पीड़िता महिला ने पुलिस उपयुक्त से लगाया गुहार और. कहा की हमें व हमारे परिवार के सम्मान व सुरक्षा हेतु त्वरित एवं उचित दंडात्मक कार्यवाही करें।

42 आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा 27 सहायिका के फार्म जमा

प्रखर खुटहन जौनपुर। क्षेत्र के विभिन्न गॉव में रिक्त चल रहे आंगनबाड़ी कार्यकत्री, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिका के पदों को शासन द्वारा भरने के लिए विज्ञप्तिनुसार मंगलवार को 42 आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा 27 सहायिका के फार्म जमा हुए। उक्त जानकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी अनीता ने दी। उन्होंने कहा कि ब्लॉक में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के आठ तथा सहायिका के कुल 13 पदों के भरने के लिए ऑन लाइन आवेदन विज्ञप्ति के माध्यम से अभ्यर्थियों से मंगाए गए थे। उसी अनुसार रिक्त स्थान वाले पदों पर आवेदन फार्म भरे जा रहे है। उन्होंने अभ्यर्थियों को सूचित किया ऐसी आवेदिका जिन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्री / मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री / आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर ऑन लाइन आवेदन कर चुकी है। वे सभी लोग अपने विकास खंड सभागार में दिनांक 25/08/21 से 28/08/21 तक अपने ऑनलाइन आवेदन की प्रति के साथ समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, अंकपत्र एवं आय, जाति, निवास, तथा अन्य समस्त प्रमाण पत्र / दावों की मूल प्रति एवं स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होकर सत्यापन सुनिश्चित कराएं।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लाक चोलापुर की कार्यकारिणी का हुआ गठन

प्रखर वाराणसी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद वाराणसी के ब्लाक चोलापुर के कार्यकारिणी

का हुआ गठन। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के संयुक्त मंत्री एवं जिला अध्यक्ष वाराणसी शशांक कुमार पांडेय व मंच संचालन महामंत्री आशुतोष कुमार पांडेय तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री आनंद कुमार सिंह ने किया। उक्त मौके पर जिला मंत्री राजन सिंह, जिला उपाध्यक्ष ज्योति प्रकाश व गोपेश यादव मौजूद रहे। ब्लाक कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष संध्या शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रीना वर्मा, उपाध्यक्ष दीपिका सिंह, महामंत्री सविता यादव व मंत्री मीरा गुप्ता को बनाया गया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लाक कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए संरक्षक के रूप में अरुण कुमार सिंह, अध्यक्ष पवन सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अरुण पांडेय, कोषाध्यक्ष सुरेश चतुर्वेदी, महामंत्री आशुतोष कुमार पांडेय और उपाध्यक्ष पद पर हरिशचंद्र मिश्रा का चयन हुआ।

विधानसभा 2022 चुनाव के मद्देनजर आम आदमी पार्टी की जौनपुर कार्यकारिणी मनोनीत

प्रखर जौनपुर। उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव 2022 को देखते हुए प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा जौनपुर जनपद के आम आदमी पार्टी के कार्यकारिणी की नई घोषणा कि गई है जिसमें सूर्य नारायण सिंह मुन्ना को जिला अध्यक्ष, विनोद कुमार प्रजापति को महासचिव व डॉ दिवाकर मौर्य को जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। अन्य 16 को कार्यकारिणी सदस्य घोषित किया गया हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में मोहम्मद गालिब, मोहम्मद रिजवान, आलोक राजभर, बबलू गुप्ता, राजेंद्र कुमार सिंह, अमित कुमार श्रीवास्तव, अमरनाथ यादव, ठाकुर प्रसाद राय, अजय यादव, मनीष केसरी, मोहम्मद शमीम, डॉक्टर बी पी सिंह यादव, प्रेमचंद गौतम, रामसूरत पटेल, त्रिलोकी नाथ मिश्रा व दर्शन गौतम है। नव म?ोनीत जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह मुन्ना ने कहा कि प्रदेश कार्यकारिणी ने हम पर विश्वास कर के जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ निभाते हुए सभी साथियों के सहयोग से आम आदमी पार्टी की विचारधारा को गांव - गांव, घर - घर व जन-जन पहुंचाएंगे और भ्रष्टाचारों में लिप्त वर्तमान भाजपा सरकार को जनसहयोग से 2022 के चुनाव में सत्ता से दूर करेंगे। इस मौके पर महासचिव विनोद कुमार प्रजापति ने कहा कि हमारा पहला लक्ष्य है की हम जनपद के हर विधानसभा में कम से कम 25000 सदस्यता ग्रहण करा कर, आम आदमी पार्टी की विचारधारा के साथ जुड़ेंगे। जिला कोषाध्यक्ष डॉ दिवाकर मौर्य ने कहा कि आम आदमी पार्टी के पास बहुत धन नहीं है फिर भी जनमानस जिस तरह से तन मन धन से आम आदमी पार्टी की भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम मे लड़ाई के लिए खड़ा है मैं विश्वास दिलाता हूं मैं और हमारे साथी घर घर जाकर चंदा मांग कर पार्टी की गतिविधियों को आगे बढ़ाएंगे और भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही लड़ाई धन के अभाव में अवरुद्ध नहीं होगी।

भाजपा ने बूथ का किया सत्यापन

प्रखर पिंडरा वाराणसी। भाजपा संगठन द्वारा चलाये जा रहे बूथ सत्यापन अभियान के तहत गुरुवार को सिंधोरा मण्डल के बरवां सेक्टर में पांच बूथों का सत्यापन कार्य पूर्ण किया गया। इस दौरान पिछड़ा मोर्चा जिलाउपाध्यक्ष अजय ऊदल, मण्डल प्रभारी अभिषेक राजपूत, सिंधोरा मंडल अध्यक्ष सरमेश सिंह, धरसौना ग्रामप्रधान अरविंद उर्फ पिंटू, चंद्रबली चौहान, बूथ अध्यक्ष राजकुमार पटेल, ज्वाला उपाध्याय समेत अनेक लोग कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विहिप व बजरंग दल ने संयुक्त रूप से कल्याण सिंह को दी श्रद्धांजलि

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। नगर के गोला लाला स्थित विहिप के जिला सह मंत्री मिथिलेश कुमार पांडे उर्फ माखन गुरु के आवास पर विहिप व बजरंग दल के कार्यकताओं ने संयुक्त रूप से उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं अरुण चलवा राजस्थान के पूर्व में राज्यपाल रहे भारतीय जनता पार्टी के भीष्म पितामह कहे जाने वाले लोकप्रिय नेता स्वर्गीय कल्याण सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन कर दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा को शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की उक्त कार्यक्रम में विहिप बजरंग दल के कार्यकताओं ने संयुक्त रूप से सहभागिता किया उपस्थित रहने वालों में विहिप नगर अध्यक्ष रणवीर त्रिपाठी,भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र श्रीवास्तव, नगर

मंत्री कल्याण सिंह, बजरंग दल के सहसंयोजक योगेश सिंह, नगर उपाध्यक्ष सूर्यमणि मिश्रा उर्फ राहुल गुरु, रितेश पांडे, आनंद पांडे, पीयूष केसरी गोलू केसरी अमित विश्वकर्मा प्रिंस श्रीवास्तव आदि केसरी सुरेश रमेश सोनू समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दलालों का कारनामा, विक्षिप्त से फर्जी ढंग से कराया बैनामा

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। इन दिनों नगर मे जमीन की बिक्री व खरीद में अहम भूमिका निभाने वाले तथाकथित दलालों के कारनामे नगर के चट्टी चौराहों पर चर्चा का विषय बना हुआ है ताजा मामला नगर के बूढ़ादेई निवासी मुनव्वर पुत्र रउफ जो अर्ध विक्षिप्त

जमीन की बिक्री के बाद रकम को भी किया हड़प

है जिसका पुश्तैनी जमीन वाराणसी शक्तिनगर मार्ग स्थित प्रभा गैस एजेंसी के समीप सभी भाइयों के साथ क्रमशः उसका भी लबे सड़क जमीन है उसको नगर में सक्रिय बिचौलियों ने बहला-फुसलाकर चुनार तहसील ले जाकर नगर के एक सेठ को जमीन की रजिस्ट्री करा दी ,बावजूद इसके दलालों का जी नहीं भरा तो सेठ द्वारा कौड़ियों के भाव मिल रही जमीन की दी गई नौ लाख रुपए को भी बिचौलियों ने हड़प लिया वही अर्ध विक्षिप्त युवक को बिचौलियों

द्वारा एक गमछा और मात्र 15 सौ रुपए देकर चलता कर दिया विक्षिप्त युवक ने घर आकर 15 सौ रुपए और गमछा मां को देकर इधर उधर की बातें करने लगा। घरवाले एवं परिजनों को शक हुआ अपने स्तर से इसकी तफ्तीश में लग गए कहते हैं ना कि इश्क और चोरी छुपे नहीं छुपाई जाती वही यह बात नगर में जंगल की आग की तरह फैल गया ।परिजनों ने अपने स्तर से बिचौलियों को पंचायत के माध्यम से समझाने का भरसक प्रयास किया । वह किसी ने इस पूरे मामले में पैसे का लेन देन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जिसका नगर के लोगों ने देखकर हो रहे अन्याय का विरोध अपने स्तर से किया। बिचौलियों द्वारा इनकार करने के बाद परिजनों ने यह मामला पुलिस तक नगर के कुछ वरिष्ठ समाजसेवियों एवं तेजतर्रार नेताओं के माध्यम से पहुंचाया पुलिस के संज्ञान में यह मामला आने के बाद अपने स्तर से इसकी तह में जाकर तथाकथित बिचौलियों को पकड़कर थाने लाने गया। जिस पर कड़ाई से पूछताछ करने के बाद बिचौलियों ने पैसा हड़प करने की बात स्वीकारी जिस पर पुलिस ने उन्हें मुकदमा लिखने की धमकी देते हुए जमीन रजिस्ट्री कराए सेठ को भी थाने में तलब कर लिया सेठ समेत बिचौलियों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए हड़पी गई रकम को वापस कर अपनी गलती स्वीकारी वही रजिस्ट्री कराने वाले सेठ ने भी जमीन पुनः अर्ध विक्षिप्त के परिजनों को वापस करने का आश्वासन देकर मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की खबर लिखे जाने तक नगर में चचाओं का बाजार गर्म था वही अभी तक अर्ध विक्षिप्त युवक के परिजनों को जमीन वापस नहीं हुई है अब देखना यह है कि उस गरीब को न्याय कब तक मिलता है।

ठेकेदारों के हाथों में सत्ता सौपेंगे तो व्यापारियों का उत्पीड़न होता रहेगा: अमित चौबे

प्रखर पूर्वांचल बृजमनगंज न्यूज। जनपद महराजगंज के नगर पंचायत बृजमनगंज कस्बे में स्टेशन रोड पर समाजवादी ब्यापार महासभा के अध्यक्ष एवं विधानसभा सचिव विनोद जायसवाल के नेतृत्व में स्टेशन रोड पर दोपहर एक बजे कस्बे के ब्यापारियों के साथ ब्यापारियों की समस्याओं एवं उत्पीड़न की घटना को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में कस्बे के काफी ब्यापारियों ने भाग लिया।बैठक में सपा नेता अमित चौबे,मदन गोपाल यादव,दिलीप चौधरी,नितेश मिश्रा मुख्य रूप से मौजूद रहे।विनोद जायसवाल ने कहा कि बृजमनगंज ब्यापारियों के हित के लिए जिसको हमनें ब्यापार मंडल अध्यक्ष बनाया था वह आज थाने पर जाकर दरोगा के साथ चाय पी रहा है।बताते चलें कि बुद्धवार दोपहर दो बजे कस्बे के एक होटल पर दो पक्षों में पैसे के लेनदेन को लेकर कहासूनी की घटना को राजनीतिक दल के प्रभाव में पुलिस प्रसासन द्वारा बलप्रयोग करते हुए थाने पर लाकर एक पक्ष के चार लोगों को दस बजे रात तक बैठाये रखा।इस घटना की निंदा दिनभर कस्बे में चर्चा बनी हुई थी वहीं कस्बे में दो दो ब्यापार मंडल अध्यक्ष होते हुए भी ब्यापारियों की सुधि नहीं ली।ब्यापार मंडल के इस रवैये से यहां के ब्यापारी एवं दुकानदार काफी दुखी हैं।उन्होंने कहा कि जब पूर्व में पुलिस ने चौराहे हमारे साथ अभद्रतापूर्ण कार्य किया था यदि उस समय यहां के ब्यापार मंडल अध्यक्ष एवं ब्यापारियों ने एकता दिखाया होता तो आज यह घटना नहीं होता।उन्होंने कहा कि पीडित लोगों को इस बात का डर है अगर मैं कुछ कहता हूं तो हमारा ब्यापार बंद करा दिया जायेगा मुझे जानकारी मिली कि पुलिस ने लाठी से मारा है मैं इसकी निंदा करता हूं।दिलीप चौधरी ने कहा घटना की निंदा करते हुए कहा ब्यापारियों को सजा दिलाने के लिए भाजपा के कार्यकर्ता थाने पर बैठे रहे।ऐसा नहीं होना चाहिए आज भाजपा शासन में हिंदू मुस्लिम का भेदभाव पैदा किया जा रहा है आज प्रदेश का ब्यापारी हो किसान हो बेरोजगार हो सभी का शोषण हो रहा है।सपा नेता अमित चौबे ने कहा कि बृजमनगंज का थानाध्यक्ष विधायक के इशारे पर थाना चला रहा है।अगर ब्यापारी एवं समाज एकजुट नहीं रहेगा ऐसे ही ठेकेदारों के हाथों में सत्ता सौंपते रहेंगे तो आज रसोई गैस ,पेट्रोल, रेल किराया, खाद्यान्न सहित रोजमर्रा की वस्तुएं के दाम आसमान छू रहे हैं रेलवे, एयरपोर्ट से लेकर सरकारी स्मारक सडक को प्राइवेट हाथों में सौंप कर मैं देश नहीं बिकने दूंगा कहने वाला देश बेच कर चला जायेगा।

जनाकांक्षाओं की पूर्ति और लोकतंत्र को बचाने के लिये बूथ स्तर तक संघर्ष करेंगे युवा कार्यकर्ता - देव बोस

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। विधानसभा चुनाव से पूर्व युवाओ मे उर्जा पैदा करने के लिए लखनऊ से वाराणसी मे लगातार बड़े नेता संगठन की समीक्षा बैठक कर रहे है आज अर्दली बाजार स्तिथ समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के संगठन की समीक्षा बैठक करने करने आए मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश उपाध्यक्ष देव बोस का समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। देव बोस ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ संघर्ष का और व्यापक तरीके से विरोध करने और सड़को पर उतर कर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों पर आन्दोलन खड़ा करने की बात कही। देव बोस ने कहा कि भाजपा सरकार ने समाज के सभी वर्गों को धोखा दिया है। किसान ,मजदूर , व्यापारी , बुनकर , नवजवान सभी इस सरकार के जुल्म और शोषण का शिकार हैं । सरकार के सभी वायदे धोखा साबित हुए जनता खुद को ठगा महसूस कर रही । मंहगाई , भ्रष्टाचार , बेरोजगारी , ने लोगों की कमर तोड़ दी है महिलाओं का मांन सम्मान सुरक्षित नहीं है , प्रदेश में अपराध बेतहाशा बढ़ा है।भाजपा सरकार की विफलता कोरोना महामारी के दौरान चरम पर देखने को मिली । इन सारी बातों को पदयात्रा के जरिये आमजन के बीच रखा जाएगा । देव बोस ने कहा कि जनाकांक्षाओं की पूर्ति और लोकतंत्र को बचाने के लिये समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता गण व नेतागण बूथ स्तर तक संघर्ष करेंगे। कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त महानगर उपाध्यक्ष ईरशाद अहमद राइन का समाजवादी पार्टी महानगर के कार्यकताओं व नेतागणों ने माला पहनाकर अभिनदंन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश उपाध्यक्ष देव बोस व विशिष्ट अतिथि सपा महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा थे। कार्यक्रम मे उपाध्यक्ष ईरशाद अहमद राइन, जिला महासचिव आनन्द मौर्या, उत्तरी अध्यक्ष अजय चौधरी, दक्षिणी अध्यक्ष शमीम अंसारी, कैन्ट अध्यक्ष दिलीप कश्यप, पुत्तुल यादव, यूथ ब्रिगेड महानगर अध्यक्ष अब्दुल कलाम कुरैशी, महिलासभा महानगर अध्यक्ष पूजा यादव, यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव , लोहियावाहिनी अध्यक्ष दीपचंद गुप्ता, पार्षद दल के नेता कमल पटेल, मुख्य सचेतक पार्षद दल हारून अंसारी, हैदर गुड्डू, राजबीर सिंह, कौशल्या यादव आदि लोग मौजूद रहे।

छेड़खानी से तंग किशोरी ने सुसाइड नोट में लिखा पापा मेरी मौत का बदला जरूर लेना और लटक गई फांसी के फंदे पर

प्रखर सुरेरी जौनपुर। "पापा मेरी मौत का बदला जरूर लेना" यह एक 15 वर्षीय किशोरी ने अपने सुसाइड नोट में लिखा, जिसे पढ़कर पूरे परिवार की आंखें गमगीन हो गई। बता दे कि मामला जौनपुर जिले के सुरेरी थाना अंतर्गत एक गांव का है। जहां पर छेड़खानी से तंग आकर 15 वर्ष किशोरी ने साड़ी से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि मंगलवार की देर रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में किशोरी सोने गई, जिसके बाद उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। बुधवार जी भोर में मां जब कमरे में दाखिल हुई तो देखकर जोर-जोर से चिल्लाने लगी। इतने में परिजन भी कमरे में पहुंचे, सभी देख कर घबरा गए। बेटी का शव फंदे से लटका हुआ था और शव के पास ही नीचे एक सुसाइड नोट लिखा था। जिसमें बड़े-बड़े अक्षरों में लिखा था, "पापा मेरी मौत का बदला जरूर लेना" और जिन लोगों ने छेड़खानी की थी सम्भवतः उनका भी नाम उसने लिखकर आत्महत्या की होगी। बता दे कि लड़की से छेड़खानी करने वाले मुस्लिम समुदाय के लोग बताए जा रहे हैं। पिता ने थाने में तहरीर देकर इन लोगों पर नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। बतादे कि परिवार के लोगों ने सुसाइड नोट पुलिस को सौंप दिया। पिता की तहरीर पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सुरेरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा रोज की तरह रात में खाना खाने के बाद कमरे में सोने चली गयी। सुबह बुधवार को जब काफी देर बाद भी वह अपने कमरे से नहीं निकली तो परिवार के लोग जगाने पहुंचे। अंदर कमरे में दाखिल होते ही मां चिल्ला पड़ी। आवाज सुनकर और लोग भी पहुंच गए। देखा तो छात्रा कमरे में साड़ी के सहारे फांसी लगाकर मरी पड़ी थी। परिजनों को मौके से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ जिसमें किशोरी ने गांव के ही एक मुस्लिम समुदाय के युवक को अपनी मौत का जिम्मेदार ठहराया था। सुसाइड नोट में लिखा था कि "पिताजी आप उससे बदला जरुर लिजिएगा जो मेरी मौत का कारण है"। उसने मेरे साथ बहुत गलत किया है और मेरी मौत का जिम्मेदार भी वही है। छात्रा के परिजनों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी।

कालाजार से बचाव के लिए जन समुदाय को किया जागरूक

प्रखर कुशीनगर। सेवरही ब्लॉक के दो ग्राम पंचायत हरखौली और गइडिहां चिंतामय में गुरूवार को लोगों को कालाजार और चमड़ी कालाजार के बारे में विस्तार से बताया तथा बचाव के लिए जन समुदाय को जागरूक किया गया। पाथ संस्था के ब्लॉक मानीटर मानव कुमार एवं बलबीर ने दोनों ग्राम पंचायतों में 70 से अधिक घरों पर जाकर लोगों को कालाजार के लक्षण तथा उससे बचाव के बारे में जानकारी दी। साथ ही दोनों गाँवों की स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को भी कालाजार से बचाव के लिए जागरूक किया। आशा कार्यकर्ता उषा श्रीवास्तव को भी कालाजार के लक्षण और बचाव के बारे में जानकारी दी गयी। गाँव के धर्मगुरूओं से भी संपर्क कर लाउड स्पीकर के माध्यम से भी कालाजार के लक्षण तथा बचाव के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से बताया गया। इसके बाद गांव के कोटेदारों तथा पंचायत प्रतिनिधियों से भी संपर्क कर जन समुदाय को कालाजार से बचाव के बारे में जागरूक करने के लिए सहयोग मांगा गया।

कालाजार से बचावः

-घर के आसपास साफ सफाई रखें।

-पूरी बांह की कमीज पहनें ।

-मच्छरदानी का प्रयोग करें ।

-घर के बाहर न सोयें।

- जब छिड़काव कर्मी छिड़काव के पहुँचें तो अपने घरों में छिड़काव जरूर करा लें।

क्या है कालाजार- कालाजर बालू मक्खी से फैलने वाली बीमारी है। यह मक्खी नमी वाले स्थानों व अंधेरे में पायी जाती है। इस मक्खी के काटने से मरीज बीमार हो जाता है। उसे रूक रूक कर बुखार चढ़ता उतरता है। इस बीमारी से मरीज का पेट फुल जाता है। भूख कम लगती है। शरीर काला पड़ जाता है। लक्षण दिखने पर मरीज को तत्काल चिकित्सक से दिखाना चाहिए। कालाजार का इलाज काफी महंगा होता है लेकिन सरकारी अस्पताल में यह इलाज पूरी तरह से निःशुल्क है।

महादेव पी जी कालेज में बी एड के छात्रों का प्रवेश उच्च न्यायालय ने किया बहाल

प्रखर चिरईगांव वाराणसी। महादेव पी जी कालेज बरियासनपुर में बी एड पाठ्यक्रम के छात्रों के लिए राहत भरी खबर मिली है जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देश पर राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की ओर से कालेज को वर्ष 2020 - 21 के सत्र में बी एड पाठ्यक्रम में छात्र छात्राओं के प्रवेश की अनुमति प्रदान कर दी गई है । उल्लेखनीय है कि किसी ब्यक्तिगत शिकायत के आधार पर एन आर सी ने 28 जून को महादेव पी जी कालेज को वर्तमान शैक्षणिक सत्र में बी एड पाठ्यक्रम में छात्रों के प्रवेश पर रोक लगाने का निर्देश जारी किया गया था । कालेज प्रबन्धन की ओर से माननीय उच्च न्यायालय दिल्ली में उक्त आदेश को चुनौती दी गई जिस पर विचार करते हुए न्यायालय ने प्रवेश पर लगी रोक तत्काल हटाने व बी एड पाठ्यक्रम में प्रवेश पूर्ववत बहाल करने का निर्णय दिया।

सीएमओ धमकी पीएचसी सोंधी खामियां देख जताई कड़ी नाराजगी

प्रखर खेतासराय जौनपुर। स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बुधवार की दोपहर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जी एस बी लक्ष्मी के पहुंचते ही हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी समेत कई कर्मचारी ड्यूटी से नदारद मिले। अस्पताल परिसर में व्यापक गंदगी, बेड पर चादर न लगने और कर्मचारियों के बिना वर्दी व बिना नेम प्लेट के देख सीएमओ ने कड़ी नाराजगी जताते हुए सख्त फटकार लगाई। कहा इस अस्पताल की खामियां मुझे पिछले कई दिनों से मिल रही थी लेकिन सभी शिकायतें खुद मेरे सामने ही सच पाई गई। सीएमओ डॉ जीएसबी लक्ष्मी ने सबसे पहले उपस्थिति रजिस्टर चेक किया। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ रमेश चंद्र समेत कई कर्मचारी के ड्यूटी से नदारद रहने पर उन्होंने मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉ मसूद खान से कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने प्रसव केंद्र का जायजा लिया तो गंदगी का अंबार और अस्पताल परिसर के कई महत्वपूर्ण उपकरण पूरी तरह से खराब देख वह काफी नाराज हो गईं। वैक्सिनेशन को लेकर बरती जा रही लापरवाही और 2 दिन

पहले उमड़ी भारी भीड़ के दौरान अस्पताल कर्मियों की मिली शिकायतों को भी उन्होंने बेहद ही गंभीरता से लिया। कहा कि मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार सभी व्यवस्था को पूरी तरह से दुरुस्त किया जाए, वरना दोबारा गलती मिलने पर सभी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी चिकित्सकों को निर्देश दिया कि कोई भी दवा बाहर से ना लिखी जाए। मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करें।

... आखिर क्यों नहीं होती कार्रवाई- खेतासराय। पीएचसी सोंधी पर हमेशा नदारत रहने वाले प्रभावशाली चिकित्सा प्रभारी डॉ रमेश चन्द्रा इस बार भी सीएमओ के विजिट में गैर हाजिर रहे। हमेशा की तरह मौजूद कर्मियों ने रटा रटाया जवाब कि वह फील्ड में गए हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर कौन सी वजह हो जाती है जब भी सीएमओ या अन्य कोई जनप्रतिनिधि यहाँ निरीक्षण करने आते हैं तो वे नही रहते है ? सूत्रों की मानी जाए तो चिकित्सा प्रभारी पड़ोसी जनपद में अपना निजी अस्पताल चलाते हैं। इस वजह से रात्रि की बात तो दूर दिन में भी वह रफूचक्कर हो जाते है। क्षेत्र के लोगों ने इस लापरवाह चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई है।

कोटेदारों ने बैठक कर बनाई रणनीति, 5 सितंबर को मांग महोत्सव मनाकर सरकार का करेंगे विरोध

प्रखर दानगंज वाराणसी। जिले भर के लगभग 15दर्जनों कोटेदारों ने कचहरी स्थित शास्त्री घाट में सरकार के विरोध में धरना प्रदर्शन दिया तथा अपनी मांगों को सरकार द्वारा स्वीकार न किये जाने पर आक्रोश भी किया जाहिर बैठक की अध्यक्षता कर रहे आल इण्डिया फेयर प्राइस शॉप डीलर फेडरेशन प्रदेश के कार्यकारिणी अध्यक्ष गिरीश तिवारी ने बताया की हम लोग विगत कई वर्षो से अपनी मांगो को लेकर आंदोलन करते आ रहे हैं लेकिन सरकार ने आज तक हमारी एक भी सुध नहीं लिया पूर्व का बकाया पैसा,300रुपया /कुंटल कमीशन सहित अन्य मांगो को मांगा अन्यथा नतीजन हमलोग माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा 5अगस्त को "अन्न महोत्सव" को सफल बनाने में प्रत्येक कोटेदारों ने अपना पैसा लगाकर मनाया लेकिन आज तक कोटेदारों को किसी भी प्रकार का

आर्थिक सहयोग नहीं किया गया, श्री तिवारी जी ने बताया की 5सितंबर 2021को पुरे प्रदेश के राशन विक्रेता राशन वितरण के समय दोनों हाथों पर काली पट्टी बांध कर सरकार का विरोध कर अपनी मांगो को सरकार से पुनः दोहराने का काम करेंगे, जिसे "मांग महोत्सव"के रूप जाना जायेगा, यदि सरकार पुनः इस पर कोई विचार नहीं करती हैं तो पुरे प्रदेश के कोटेदार माननीय उच्च न्यायालय का शरण लेते हुए 5अक्टूबर से पूर्णतया राशन वितरण ठप करेंगे वही वाराणसी के जिला के उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने बताया की सरकार हम राशन विक्रेताओं के साथ सौतेला व्यवहार करती आ रही हैं, और आज तक कोटेदारों के किसी एक भी मांगो को नहीं मानी हैं, अब आंदोलन की धार को तेज करेंगे आवश्यकता पड़ने पर पुरे जिले से कोटेदारों का सामूहिक इस्तिफा भी दे कर,सरकार के खिलाफ बिगुल फुकने का काम करेंगे, अन्यथा की स्थिति में कोटेदारों की उचित मांगों को सरकार अभिलंब स्वीकृत कर शासनादेश जारी करें! वही जिला सचिव पंकज मिश्रा व दीपक गुप्ता ने कहा कई सरकार के अड़ियल रवैये से पुरे प्रदेश के कोटेदार अत्यंत दुखी हैं, और सरकार की यदि यही रवैया रही तो निश्चित रूप से सरकार के खिलाफ प्रदेश भर के कोटेदार भी अपने अपने मतों का प्रयोग कर दूसरे सरकार का निर्माण करने पर मजबूर हैं! इस मौके पर सेवापुरी ब्लॉक अध्यक्ष प्रभुनारायण पाण्डेय,काशी विद्यापीठ अध्यक्ष देवबली सिंह, दिनेश गुप्ता,संदीप मिश्रा, राजपत राम, रामसेवक राजभर, अशोक कुमार, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, उपदेश मिश्रा सहित तकरीबन 15 दर्जनो कोटेदार उपस्थित रहे!

संस्थापक पुण्यतिथि पर अर्पित किया गया श्रद्धासुमन

प्रखर जौनपुर। कुटीर पी जी कॉलेज चक्के में आज महाविद्यालय के संस्थापक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित अभयजीत दूबे जी की पुण्यतिथि मनाई गई । कार्यक्रम के अवसर पर यज्ञ हवन और पाठ आयोजित हुआ । कुटीर संस्थान की ओर से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में सामूहिक पुष्पांजलि का आयोजन किया जाता है जिस क्रम में महाविद्यालय के यशस्वी प्रबन्धक डॉ अज्येंद्र कुमार दूबे , प्राचार्य मेजर डॉ रमेश मणि त्रिपाठी , डॉ राघवेन्द्र पांडेय , डॉ सी बी पाठक , डॉ अमरेश कुमार डॉ राजेश खरवार डॉ अनुज शुक्ल , पंकज कुमार मिश्रा , सहित समस्त सहयोगी स्टाफ , छात्र एवं छात्राओं ने संस्थापक जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया । उक्त कार्यक्रम में संस्थान को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ अज्येंद्र कुमार दूबे जी ने कहा कि यह पूरा कुटीर संस्थान पावन तपोभूमि है जहां से शिक्षा के प्रखर साधक निकलते है और चारो तरफ ज्ञान की ज्योति प्रसारित कर रहे । अपने संबोधन में प्राचार्य मेजर डॉ रमेश मणि त्रिपाठी जी ने कहा कि कुटीर संस्थान एक तपस्वी ,एक महान महर्षि की पावन कुटीया है जहां से शिक्षा का प्रसार पूरे विश्व में होता है

। पुष्पांजलि कार्यक्रम के अंत में कॉलमिस्ट ,पत्रकार एवं जैव - प्रौद्योगिकी विभाग के शिक्षक पंकज कुमार मिश्रा जी ने कहा कि महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को सदैव एक उच्च शैक्षिक वातावरण मिला है ,जिसका पूरा श्रेय संस्थापक जी को जाता है । उन्हीं के आदर्शो और मेहनत का परिणाम है कि आज कुटीर संस्थान अपनी बुलंदियों पर पहुंच रहा ।

संक्षिप्त खबरें

के एस प्रोफेशनल कंपनी का सेमिनार सम्पन्न

प्रखर वाराणसी। वाराणसी कैंट स्थित होटल प्लाजा इन में गुरुवार को के एस प्रोफेशनल कंपनी द्वारा एक सेमिनार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हेयर फॉल जैसी समस्याओ को लेकर प्रोडक्ट की विस्तृत जानकारी देना था। कंपनी के सीनियर जर्नल मैनेजर इजहार खान ने सभागार में लगभग सैकड़ो की संख्या में जुटी महिलाओ को केराटिन के बारे में जानकारी दी, और उन्होंने यह भी बताया कि कैसे हम रिबॉन्डिंग स्मूथिंग और कलर के बाद जो हमारे बाल डैमेज हो जाते हैं उनको केराटिन के माध्यम से कैसे सही कर सकते हैं। लाइव डेमो के द्वारा बालों को कैसे स्मूथ और शाइनिंग कर सकते हैं,इसको भी दिखाया गया। मेकअप आर्टिस्ट श्रुति मिश्रा ने मेकअप के एडवांस कोर्स के बारे में महिलाओं को विस्तृत रूप से जानकारी दी और लाइव डेमो भी किया। इसके अलावा सभागार में जुटी सभी महिलाओं को कंपनी द्वारा सर्टिफिकेट और कंपनी प्रोडक्ट देकर सम्मानित किया गया। के एस प्रोफेशनल कंपनी सेमिनार में सी ई ओ स्वाति शर्मा,नेशनल मैनेजर विशाल शर्मा,रितेश,प्रदीप,अनामिका,विजय,रेनू सिंह के साथ कार्यक्रम में आदि लोग मौजूद रहे।

समाजवादी पार्टी द्वारा लोगो को दी गई जिम्मेदारी

प्रखर रामनगर वाराणसी। समाजवादी पार्टी नगर अध्यक्ष जितेंद्र यादव मलिक के नेतृत्व में रामनगर समाजवादी पार्टी का बैठक बूथ कमेटी के संदर्भ में हुआ, और साथ ही साथ महिला सभा की नगर महासचिव मीना सिंह जी को और महिला सभा उपाध्यक्ष आशा सेठ जी को बनाया गया, साथ में नगर सचिव पद पर फिरोज अहमद, नगर सचिव शिवराज यादव गुड्डू जी को बनाया गया है, साथ में वार्ड अध्यक्ष एवं बूथ प्रभारी श्री सुनील जयसवाल जी को बनाया गया है।

श्रम विभाग द्वारा कसया नगर में दुकानों पर बाल श्रम करने वाले 14 से 18 वर्ष के आठ नाबालिगों को बरामद किया और सभी बच्चों को मुक्त करा कर दोषी दुकानदारों पर 4 लाख रुपये जुमार्ना लगाया

प्रखर कसया/ कुशीनगर।ज्वाइंट मजिस्ट्रेट बोरा के निर्देश पर बाल श्रम के खिलाफ चले अभियान के क्रम में राजस्व निरीक्षक योगेंद्र गुप्ता, श्रम विभाग के अधिकारी महेंद्र कुमार के नेतृत्व में सघन छापेमारी नगर के कसया देवरिया मार्ग, सपहा मार्ग, रामकोला मार्ग, पडरौना मार्ग, गोरखपुर मार्ग व नाके पर की गई। जिसमें काफी संख्या में काम करते बच्चे मिले। हालांकि छापेमारी की जानकारी होते ही बहुत सारे दुकानों से काम करने वाले बच्चे भाग निकले। कार्रवाई में उपेन्द्र मोटर गैरेज पर तीन, मुकरु गैरेज पर एक,यादव ढाबा पर एक,अमेरिकन मिष्ठान भण्डार पर तीन कुल आठ बाल श्रमिको को मुक्त कराया गया। जिनमें सोनू यादव, सचिन, नीरज गुप्ता, परवेज आलम,रवि पटेल, दीपक, सोनू आदि बच्चे मुक्त हुए। छापेमारी टीम ने चेतावनी दी कि अगर दुकानों पर बच्चों से काम करते हुए पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। टीम ने बताया कि जुमार्ना कोर्ट तय करेगी यह लगभग है। इस दौरान डॉ गौतम, गौरव, रमण कुमार श्रीवास्तव, शशि शेखर मिश्रा, उप निरीक्षक विजय शंकर यादव सहित पुलिस बल मौजूद रही।

महिलाएं बेझिझक अपनी समस्याएं हमे बताए - रंजना उपाध्याय

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। शिवपुर थाना प्रभारी रंजना उपाध्याय ने गुरुवार को मीरापुर बसही में महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि महिलाए अपनी समस्याएं बेझिझक हमें बताए उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। घरेलू हिंसा हो या सुरक्षा की बात हो उसे पुलिस तक जरूर पहुंचाये। समर्पण महिला कल्याण समिति द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाए जब खुद आत्मनिर्भर बनेगी तभी वो मजबूती के साथ खड़ी हो सकेगी महिलाओ ने पुष्पगुच्छ देकर रंजना उपाध्याय का स्वागत किया। इस मौके पर कुसुम, कंचन मौर्या, नेहा सिंह, सरिता पांडेय, पूनम विश्वकर्मा, सीमा यादव, उर्मिला देवी, रीता देवी, रंजन वर्मा, रोहित राजपति, करन प्रजापति।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट https://prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं